रोहतक

मंगलवार, 29 जुलाई 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 179
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 37.1
न्यून. 26.5

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,891.02 | 572.07 ▼ |
| निफ्टी | 24,680.90 | 156.10 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,020/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,13,000/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.67 | 15 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 69.05 बैरल | | 0.91% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## अंदर के पन्नों पर


- तीज पर सीएम ने दी महिलाओं को कोथली पेज-2
- ट्रक और क्रेटा के बीच भयंकर टक्कर, 4 की मौत पेज-3
- बिहार मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक से इनकार पेज-5


## ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में बहस ▸▸ सरकार ने रखा अपना पक्ष ▸▸ विपक्ष ने दागे तीखे सवाल

**रक्षामंत्री बोले**
**हमने आतंकियों को घर में घुसकर मारा**

# परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत, कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुम हुए, यह पूछना बेमानी : राजनाथ

## यह कहना गलत है कि ऑपरेशन सिंदूर किसी दबाव में रोका गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर तीखी बहस हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा, कि हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया।' सिंह ने कहा कि जब लक्ष्य बड़े हों तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दों पर हमारा ध्यान नहीं जाना चाहिए, क्योंकि छोटे मुद्दों पर ही ध्यान देते रहने से देश की सुरक्षा और सैनिकों के सम्मान और उत्साह जैसे बड़े मुद्दों से ध्यान हट सकता है जैसा कि विपक्ष के कुछ साथियों के साथ हो रहा है। रक्षा मंत्री ने 55 मिनट के भाषण में कहा- हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया। हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया। राजनाथ सिंह ने कहा- विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे? उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए? परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है। कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेईमानी है। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा- हम सरकार से सवाल पूछेंगे। देश जानना चाहता है कि 5 दहशतगर्द पहलगाम में कैसे घुसे? उनका क्या मकसद था? सरकार कहती है हमारा मकसद युद्ध नहीं था। हम जमीन पर कब्जा करना नहीं चाहते थे। हम पूछेंगे, क्यों नहीं था। होना चाहिए था। पीओके आज नहीं लेंगे तो कब लेंगे।' *(संबंधित खबर पेज-5 पर)*



**»** *विपक्ष ने यह नहीं पूछा कि हमने दुश्मनों के कितने जेट मार गिराए*

**»** *सीमापार जाना हमारा उद्देश्य नहीं था, केवल आतंकियों को मारा*

**पाकिस्तान को उसी की भाषा में समझाया**
■
**ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ**
■
**हमारी सेना ने अपने लक्ष्य को पूरा किया**
■
**हमने माताओं और बहनों के सिंदूर का बदला लिया**
■
**दुश्मन के ठिकाने नेस्तनाबूद किए**

### मोदी ने राजनाथ, जयशंकर के भाषण की सराहना की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर के भाषणों की सराहना की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का उत्कृष्ट भाषण, जिसमें भारत के सुरक्षा तंत्र की सफलता और ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सशस्त्र बलों के साहस पर एक सटीक जानकारी दी गई। जयशंकर के भाषण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर का भाषण उत्कृष्ट था।

### भारत-पाक के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- भारत का एक ही संदेश था कि हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी रक्षा के अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। 7 मई को जिन ठिकानों पर हमला हुआ, वे आतंकवादी हेडक्वार्टर और इंफ्रास्ट्रक्चर थे। भारत और पाकिस्तान के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी बात द्विपक्षीय है। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 17 जून के बीच कोई सीधा संवाद नहीं हुआ। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से 3 को छोड़कर सभी ने ऑपरेशन सिंदूर पर हमारा समर्थन किया था।

## विपक्ष ने पूछा-दहशतगर्द पहलगाम कैसे पहुंचे

1. अमेरिकी राष्ट्रपति ने 26 बार क्यों कहा मैंने सीजफायर करवाया
2. पीएम बताएं युद्ध में हमारे कितने लड़ाकू विमान गिरे
3. सीजफायर क्यों हुआ, पीओके आज नहीं तो कब वापस लेंगे



### गोगोई बोले-सरकार हमें अपना दुश्मन मत समझे

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि कहा कि सरकार, आप डरिए मत। सच्चाई से मत डरिए। उस दिन भी देश, विपक्षी दल दहशतगर्दों के खिलाफ खड़ा था और आज भी खड़ा है। आप हमें अपना दुश्मन मत समझिए। लेकिन हमें सच बताइए। हमें सच सुनने का हक है। अमेरिका के राष्ट्रपति 26 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाया। वे कहते हैं 5 फाइटर जेट गिरे। एक-एक जेट करोड़ों रुपये के हैं। पीएम मोदी आज बताइए कि युद्ध में कितने लड़ाकू विमान गिरे। सीजफायर क्यों हुआ। अगर पाकिस्तान वाकई में अपने घुटने टेकने के लिए तैयार था, तो आप क्यों झुके। किसके सामने आपके सरेंडर किया।

### सरकार ट्रंप का मुंह बंद करवाए या 'मैकडोनाल्ड्स' बंद करे : दीपेंद्र

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों पर सरकार को जवाब देकर उनका मुंह बंद करवाना चाहिए या फिर भारत में अमेरिकी ब्रांड 'मैकडोनाल्ड्स' को बंद करवाए क्योंकि ये दोनों साथ नहीं चल सकते। उन्होंने दावा किया कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद कोई देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ। हुड्डा ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर' में हमारी सेना ने अपना पराक्रम दिखाया और जब हम पाकिस्तान पर हावी थे, तो युद्धविराम कर दिया गया। देश चाहता था कि पाकिस्तान को वैसा ही जवाब दिया जाए, जैसा 1971 में इंदिरा गांधी जी ने दिया था। पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे।''

## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट के लिए 11 जजों की अनुशंसा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा मप्र हाईकोर्ट के लिए 11 जजों के नामों की अनुशंसा 2 जुलाई को की थी। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आदेश के बाद नोटिफिकेशन जारी किया गया है। सीजेआई ने कहा था कि इन मामलों में तीन माह में निर्णय होना चाहिए। एजेंसी

### इस साल 183 बार फ्लाइट्स में आई तकनीकी खराबियां



**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने संसद में बताया कि 2025 में 23 जुलाई तक कुल 183 तकनीकी की खराबियों की रिपोर्ट मिली है। 2024 में यह संख्या 421 रही जो 2023 की 448 रिपोर्ट की तुलना में थोड़ी कम है। 2022 में 528 और 2021 में 514 तकनीकी खराबियां दर्ज की गई थीं। एजेंसी

**गोहाना के खेड़ी दमकन गांव में घटना**

## सीआरपीएफ जवान की गोली मारकर हत्या



रविवार रात को दो युवकों ने घटना को अंजाम दिया, कांवड़ लाने के दौरान हुई थी कहासुनी

**गोहाना।** गांव खेड़ी दमकन में छुट्टी आए सीआरपीएफ के जवान कृष्ण की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार रात लगभग एक बजे गांव के दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। कृष्ण अपने साथियों के साथ गांव के पास जौली रोड पर गए थे। हमलावरों ने एक सप्ताह पहले कांवड़ लाने के दौरान हुई कहासुनी की रंजिश में वारदात को अंजाम दिया। गांव खेड़ी दमकन के कृष्ण सीआरपीएफ में कार्यरत थे और छत्तीसगढ़ में ड्यूटी थी। पिता बलवान ने पुलिस को बताया कि कृष्ण कुछ दिन पहले लगभग 30 दिन की छुट्टी लेकर घर आए थे। वे अपने साथियों के साथ एक सप्ताह पहले हरिद्वार से कांवड़ लेने गए थे। गांव का दूसरा ग्रुप भी कांवड़ लेने गया था। वहां रास्ते में कृष्ण की गांव के निशांत व अजय से कहासुनी हो गई थी। रविवार रात को कृष्ण भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज में दाखिल पत्नी से मिलकर घर लौटे थे। पत्नी की चार दिन पहले डिलीवरी हुई थी और बेटे के साथ वहीं दाखिल है। गांव में जौली मार्ग पर गांव के निशांत व अजय आए और कृष्ण की छाती में गोली मार दी और उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरियाणा बोर्ड 12वीं कम्पार्टमेंट का रिजल्ट जारी, 71.90 प्रतिशत विद्यार्थी हुए पास

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जुलाई-2025 में आयोजित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। सीनियर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम 71.90 फीसदी रहा है। यह परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर देखा जा सकता है। इसकी जानकारी देते हुए बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा में 16 हजार 300 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 10 हजार 72 छात्र एवं 6 हजार 228 छात्राएं शामिल रहे थे। यह परीक्षा प्रदेशभर के 65 केंद्रों पर 4 जुलाई को संचालित करवाई गई थी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में शामिल हुए 16 हजार 300 परीक्षार्थियों में से 11 हजार 719 उत्तीर्ण हुए और 4 हजार 422 परीक्षार्थियों की कम्पार्टमेंट रही है। इस परीक्षा में 10 हजार 72 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 7 हजार 206 छात्र पास हुए और 2 हजार 774 छात्रों की कम्पार्टमेंट रही, जिनकी पास प्रतिशतता 71.54 रही। वहीं 6 हजार 228 छात्राएं शामिल हुई। जिनमें से 4 हजार 513 छात्राएं पास हुई और 1 हजार 648 छात्राओं की कम्पार्टमेंट रही। जिनकी पास प्रतिशतता 72.46% रही। परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका की पुनःजांच एवं पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित शुल्क सहित परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**लड़कियों ने मारी बाजी, 16300 छात्रों ने दी थी परीक्षा**

## पहलगाम हमले का कथित मास्टरमाइंड मुठभेड़ में ढेर

**श्रीनगर।** सेना ने सोमवार को ऑपरेशन महादेव के तहत श्रीनगर के लिडवास इलाके में छिपे 3 पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया। मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का कथित मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। जबकि दूसरा, 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था। हालांकि सेना ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल और ग्रेनेड मिले हैं। कुछ और संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकियों की पहचान करने की कोशिश जारी है।

**ऑपरेशन महादेव के तहत सेना ने तीन आतंकी मारे**

## सीईटी परीक्षा देने आए युवक की साइलेंट अटैक से मौत

**नारनौल।** सीईटी की परीक्षा देने आए 18 साल के युवक की साइलेंट अटैक आने से मौत हो गई। युवक भिवानी जिले का रहने वाला था। यहां पेपर देने के बाद जैसे ही वह सेंटर से निकला, उसने दम तोड़ दिया। भिवानी जिले के खरक कलां गांव निवासी 18 वर्षीय पारस रेवाड़ी रोड स्थित सुराना गांव में बने आरपीएस स्कूल में पेपर देने के लिए आया था। उसका टेस्ट शाम की शिफ्ट में था। जैसे ही वह टेस्ट देकर निकला तो उसको साइलेंट हार्ट अटैक आ गया। इससे वह वहां पर रास्ते में गिर गया, गिरते ही साथ आए उसके भाई अनीश ने उसको संभाला। भाई ने उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने पारस को मृत घोषित कर दिया।

**सेंटर से बाहर निकलते ही चक्कर आए**

**उपलब्धि** विश्व चैंपियन बनने वाली चौथी भारतीय महिला

*2.5-1.5 से दी मात नागपुर की रहने वाली खिलाड़ी ने रचा इतिहास*

## महिला विश्व कप फाइनल में दिव्या ने हम्पी को हराया, ग्रैंडमास्टर बनीं

भाषा ▸▸ बातुमी (जॉर्जिया)

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोमवार को यहां हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली



सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं। नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया और दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में सब कुछ जीता है लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं। दिव्या ने सोमवार को दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था। *(संबंधित खबर खेल पेज पर)*

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप चैंपियन बनने पर बधाई देते हुए कहा कि यह दो उत्कृष्ट भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी वाला एक ऐतिहासिक फाइनल था। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के बीच ऐतिहासिक फाइनल। फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने वाली युवा दिव्या देशमुख पर गर्व है। उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह कई युवाओं को प्रेरित करेगा।' दोनों खिलाड़ियों को भविष्य की शुभकामनाएं।




## खबर संक्षेप



### राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रोफेसर घोष ने 21 जुलाई, 2025 को हरियाणा के 19वें गवर्नर के रूप में शपथ ग्रहण की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष भी उनके साथ थी। राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के साथ हरियाणा की वर्तमान स्थिति के बारे में कई मूल्यवान सुझाव साझा किए हैं। उन्होंने विशेष रूप से सामाजिक कल्याण, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने पर बल दिया।

### हर माह आखिरी कार्य दिवस पीएमएसएमए सेवाएं रहेंगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिए ई-पीएमएसएमए (विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान) के तहत एक अतिरिक्त दिवस की शुरुआत की है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने ई-पीएमएसएमए राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुनिश्चित, व्यापक प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं प्रदान करना है। यह कार्यक्रम नैदानिक जांच, निदान, दवा, परामर्श और जलपान के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का शीघ्र पता लगाने और प्रबंधन पर केंद्रित है।

## अंबाला में सीएम ने लाडो सखी योजना और डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम का किया शुभारंभ, दी कई सौगात

# बेटी पैदा होने पर लाडो सखी को एक हजार मिलेंगे, एक राशन डिपो एसएचजी की महिलाओं को दिया जाएगा

- छोटी उम्र में ही उद्यमशीलता में रुचि को बढाने के लिए छात्राओं को मिलेगी 10 हजार 'डू-इट-योअर सेल्फ' किट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला





तीज का पावन पर्व इस बार महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद की सौगात लेकर आया। तीज के पर्व पर भाई द्वारा अपनी बहन को कोथली देने की परंपरा निभाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं रूपी कोथली भेंट की। सोमवार को अंबाला में तीज उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को और अधिक गति देने के लिए 'लाडो सखी' योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए 'लाडो सखी' को लगाया जाएगा। यह 'लाडो सखी' आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व एएनएम बहनें गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान देखभाल करेंगी। इस योजना के तहत बेटी पैदा होने पर हर 'लाडो सखी' को 1 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हर विकास खंड में एक राशन डिपो स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं को दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में 131 महिला सांस्कृतिक केन्द्रों का उद्घाटन किया। इन केंद्रों में महिलाएं भजन, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा की महिलाओं को रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करेगी।महिला उद्यमियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक खरीद मानदंडों में छूट प्रदान करेगी।

**महिलाओं के स्टार्टअप्स होंगे**

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ियों में 'बढ़ते कदम डिजिटल बाल कार्यक्रम' शुरू करने की घोषणा की। स्टार्टअप्स नीति में 50 प्रतिशत लाभार्थी महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स होंगे। छोटी उम्र में ही उद्यमशीलता में रुचि को बढाने के लिए छात्राओं को 10 हजार 'डु-इट-योअर सेल्फ' किट दी जाएगी।

**हस्तशिल्पी को एक लाख**

हाथ से बनाई जाने वाली चीजों, जैसे पारंपरिक कपड़ा, ग्रामीण शिल्प, हेल्थ एंड वैलनेस, देसी खाद्य उत्पादों आदि में बनाने में लगे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की सहायता के लिए एक योजना शुरू की जाएगी। इसमें 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी।

**हरियाणा स्टेट चैप्टर शुरू होगा**

सैनी ने कहा कि नीति आयोग के सहयोग से, महिला उद्यमिता मंच का 'हरियाणा स्टेट चैप्टर' शुरू करेगी ताकि राज्य की महिला उद्यमियों को 700 से अधिक सलाहकारों के नेटवर्क से व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिले, क्षेत्र-विशेष का प्रशिक्षण मिले और सहायता मिल सके।

## चार एचसीएस अफसरों का तबादला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने चार एचसीएस (हरियाणा सिविल सेवा) अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले और नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, सतींदर सिवाच, जिला नगर आयुक्त, कुरुक्षेत्र , को उपमंडल अधिकारी (ना.) बराड़ा नियुक्त किया गया है। भारत भूषण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ,पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण को गृह विभाग में उप सचिव का कार्यभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है। अमन कुमार, उपमंडल अधिकारी (ना.) बराड़ा, को अब जिला नगर आयुक्त, कुरुक्षेत्र नियुक्त किया है। हरप्रीत कौर, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) एवं उप सचिव सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग को अब संयुक्त निदेशक ,मॉडल संस्कृति स्कूलस नियुक्त किया गया है। यह पद वर्तमान में रिक्त चल रहा था।

## अंबाला में बनेगी आईएमटी : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने व निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रदेश में 10 आईएमटी स्थापित करेगी। इन प्रस्तावित परियोजनाओं के तहत अंबाला में भी एक आईएमटी स्थापित किया जाएगा, जिससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को अंबाला में पूजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्कृष्ट शिक्षा पुरस्कार-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दसवीं और बारहवीं कक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य की नवीनतम तकनीकों को देखते हुए सरकार की गुरुग्राम और पंचकूला को ए.आई. हब बनाने की योजना है, जहां हजारों युवाओं को ए.आई. का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## ब्लैकमेल होने पर रुपये गंवाए, अब हाईकोर्ट में याचिका दायर

# महिला का आरोप, ठगों को गिरफ्तार करने के बजाय पुलिस ने समझौता करवाया, पांच लाख रुपये लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पंचकूला

करनाल की रहने वाली एक महिला ने हरियाणा पुलिस पर आरोप लगाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में महिला ने दावा किया है कि उसे एक इंस्टाग्राम विज्ञापन के जरिए सस्ते लोन का झांसा देकर धोखा दिया गया और बाद में उसकी नकली अश्लील तस्वीरें के माध्यम से ब्लैकमेल कर लगभग 50 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। आरोपितों को गिरफ्तार करने के बजाय, पुलिस ने कथित तौर पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया और आरोपितों द्वारा पूनम को लौटाए गए धन में से 5 लाख रुपये ले लिए। उनके अनुसार, आरोपित दो बार पुलिस स्टेशन आए और कथित समझौते के तहत उनके खाते में 30 लाख रुपये ट्रांसफर किए। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय वशिष्ठ ने मामले को 26 अगस्त के लिए निर्धारित करते हुए सरकार, डीजीपी और करनाल पुलिस को अगली सुनवाई से पहले याचिकाकर्ता के आरोपों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**पैसे भेजने से इनकार किया तो नकली तस्वीरें भेजी**

महिला के वकील प्रदीप शर्मा ने हाई कोर्ट को बताया कि 2021 में महिला ने इंस्टाग्राम पर एक लोन ऐप का विज्ञापन देखकर ऐप डाउनलोड किया। शुरुआत में उसे 5,000 और 7,000 के दो छोटे लोन मिले, जिन्हें समय पर चुका दिया गया। इसके बाद, लोन ऐप से जुड़े लोगों ने व्हाट्सएप और काल के माध्यम से महिला को बार-बार धमकाना शुरू किया कि यदि वह और पैसे नहीं भेजेगी तो उसकी एडिट की हुई अश्लील तस्वीरें उसकी संपर्क सूची में मौजूद लोगों को भेज दी जाएंगी। डर के कारण उसने ने 50 लाख रुपये तक विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब उसने और पैसे भजेन से इनकार किया तो आरोपितों ने उनके परिवार और दोस्तों को उसकी नकली अश्लील तस्वीरें भेज दीं, तो महिला ने आत्महत्या की कोशिश की। उनके पति ने हस्तक्षेप कर उनकी जान बचाई। इसके बाद, दंपति ने करनाल के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की।

## चावल मिल पलायन के लिए मजबूर : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा की हरियाणा विरोधी नीतियों के चलते प्रदेश से लगातार उद्योग पलायन कर रहे हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि यमुनानगर का प्लाईवुड व बर्तन उद्योग और पानीपत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री बंद होने की कगार पर हैं।

अब ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले 3 साल में हरियाणा की 100 से ज्यादा चावल मिलें भी मध्य प्रदेश में शिफ्ट हो चुकी हैं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाली प्रदेश के लिए यह ना सिर्फ झटका है, बल्कि सरकार के लिए शर्म की बात है। क्योंकि इससे, हर साल प्रदेश को 100 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होगा।

**एचटेट 30 और 31 को, तैयारी पूरी :** चंडीगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 30 और 31 जुलाई को होगी। परीक्षा के नकल-विहीन व सुव्यवस्थित संचालन हेतु हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा पुख्ता प्रबन्ध कर लिए गए हैं।बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी उम्मीदवारों की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से फ्रिस्किंग होगी और बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा।

### कानून अधिकारियों की सूची से विकास ड्राप

**चंडीगढ़।** विकास बराला का नाम कानून अधिकारियों की सूची से ड्राप कर दिया गया है। सूची जारी होने का बाद पद पर कार्य ग्रहण न करने के चलते सरकार ने यह निर्णय लिया है। विकास बराला 2017 में तब सुर्खियों में आए थे जब लॉ के छात्र के तौर पर उन पर और आशीष कुमार नाम के एक व्यक्ति पर एक आईएएस अधिकारी की बेटी की गाड़ी का पीछा करने का आरोप लगा था। उसके बाद विकास को गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। यह मामला फिलहाल एक मैजिस्ट्रेट के समक्ष लंबित है और बचाव पक्ष की गवाही 2 अगस्त को होनी है। विकास ने इसके बाद कानून की पढ़ाई पूरी की, 2019 में एक वकील के रूप में नामांकित हुए और उन्हें राज्य सरकार द्वारा वकीलों के पैनल में शामिल किया गया।

### जगदीपक सिंह वरिष्ठ प्रदर्शनी आयोजक बने

**चंडीगढ़।** सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत जगदीप सिंह, कला कार्यकारी को वरिष्ठ प्रदर्शनी आयोजक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति उपरांत उन्हें मुख्यालय, चंडीगढ़ में पदस्थ किया गया है।


## सार्वजनिक सूचना

नगर परिषद् नरवाना क्षेत्र के आमजन व निकटवर्ती भू-मालिकों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नरवाना को Solid Waste Management हेतु 10 वर्ष के लिए किराया / पट्टे पर दो एकड़ भूमि की आवश्यकता है। उक्त भूमि नरवाना सीमा के पांच km के दायरे में, रिहायशी एरिया से कम से कम दो कि० मी० दूरी पर होनी चाहिए, जो भी भूमि मालिक / फर्म अपनी जमीन इस कार्य हेतू किराया / पट्टे पर देने के लिए इच्छुक हो वह दिनांक 01.08.2025 तक अपने रेट की कुटेशन अपनी जमीन के मलकीयत दस्तावेज, जमाबन्दी, रजिस्ट्री इत्यादी जो हर प्रकार से कानूनी रूप से पाक-साफ हों, किसी प्रकार का कोर्ट केस न हो एवं जिस पर किसी प्रकार का ऋण/पट्टा इत्यादी का इन्द्राज न हो की फोटो प्रति सहित सीलबंद लिफाफे में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद् नरवाना के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

**नोट :- इस से सम्बन्धित नियम व शर्तें नगर परिषद् नरवाना के कमरा नं. 9, सफाई शाखा में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।**

**हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद् नरवाना।**

## Organic Grower से संबंधित कोर्स के लिये आवेदन आंमत्रित।

### (सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना जिला सिरसा (हरियाणा) पर वर्ष 2025-26 में Organic Grower से संबंधित कोर्स (QP) करवाया जाना है। इच्छुक प्रार्थी दिनांक-29..07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से उद्यान विभाग की वेबसाईट (kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची।**

| केन्द्र का नाम | कोर्स का नाम | शैक्षणिक योग्यता | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना (सिरसा)। | Organic Grower (390 Hours.) | 12वीं उत्तीर्ण | 20 |

- प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिऐ।
- प्रशिक्षण के लिये फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना पर सीटों की संख्या 20 प्रशिक्षु प्रति प्रशिक्षण हैं।
- प्रार्थी हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिये।
- प्रार्थियों का चयन कक्षा 12वीं के अंकों की मैरिट के आधार पर होगा।
- काउंसलिंग दिनांक- 11.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे फल उत्कृष्टता केन्द्र, मांगेआना में होगी।
- आवेदनकर्ता अपने जरुरी कागजात जैसे कि आधार कॉर्ड, 10 वीं व 12 वीं कक्षा की मार्कशीट, बैंक पासबुक, पैन कॉर्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति, पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल रूप में काउंसलिंग के दौरान अपने साथ लेकर आयें।
- प्रशिक्षण के दौरान रात्रि ठहराव की व्यवस्था केंद्र द्वारा की जाएगी।

नोटः- प्रशासनिक कारणों से कोर्स की अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये केन्द्र अधिकारी (मो. 97280-54266) से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- उपनिदेशक उद्यान
फल उत्कृष्टता केन्द्र,
मांगेआना (सिरसा)।

पीआरडीएच- 1149/11/888/2026/37053/88/6 दि. 28.07.25

## कार्यालय मार्केट कमेटी, कैथल

### ----: निविदाएं ----

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मार्केट कमेटी कैथल द्वारा दिनांक 11-08-2025 से 31-07-2026 तक नई अनाज मंडी कैथल अतिरिक्त अनाज मंडी, नई सब्जी मंडी, पुरानी अनाज मंडी, सबयार्ड बाबा लदाना, खरीद केंद्र पाडला, गुहणा, फर्श माजरा, क्योड़क की साफ-सफाई करने तथा कार्यालय परिसर व मंडी यार्ड में अचानक मरे हुये जानवरों को उठाने का कार्य ऑनलाईन टेंडर के माध्यम से दिया जाना है। इच्छुक फर्म / एजेंसी / द्वारा मु० 31400/- रूपये तथा Cooperative labour and construction societies के लिए 15700/- रूपये (Refundable) की EMD राशि ऑनलाईन (डेबिट कार्ड / नैटबैंकिग) के माध्यम से टैंडर फार्म के साथ दिनांक 06.08.2025 को शाम 5:00 बजे से पूर्व जमा करवानी होगी। टैंडर की कीमत मु0 2000/- रूपये और सर्विस चार्ज मु० 1180/- (Non-Refundable) भी ऑनलाईन जमा करवाने होगें। ऑनलाईन निविदा की प्रकाशित तिथि 28.07.2025 है तथा निविदा दिनांक 07.08.2025 को सुबह 10 बजे खोली जायेगी। अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय दूरभाष पर/कार्यालय मार्केट कमेटी, कैथल से प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. सं. | मण्डी यार्ड का नाम | क्षेत्रफल | अनुमानित अधिकतम खर्च सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | नई अनाज मंडी कैथल अतिरिक्त अनाज मंडी, मंडी, पुरानी अनाज मंडी, सबयार्ड बाबा लदाना, खरीद केंद्र पाडला, गुहणा, फर्श माजरा, क्योड़क | 297791.23 Sqm | 1566720/- वार्षिक (11.08.2025 से 31.07.2026 तक अधिकतम खर्च सीमा) 134167/- प्रति माह खर्च सीमा। |

ऑनलाईन निविदाएं https://etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध होगी।

हस्ता/-सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी, कैथल। प्रशासक, मार्केट कमेटी, कैथल।

संवाद-1278/11/887/2026/37046/C/88/6 दि. 28.07.25

## OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL, JIND
Town Hall Jind-126102, Ph. No. 01681-253358
E-mail:mcjind2013@gmail.comwww.ulbharyana.gov.in

### PRESS NOTE

1. नगर परिषद जींद द्वारा लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली सम्पतियों के प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। जिन सम्पतिधारकों ने उक्त सम्पति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन नहीं किया है, वे जल्द से जल्द अपनी लाल डोरा की सम्पति से सम्बन्धित दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर परिषद जींद में आना सुनिश्चित करें।
2. जिन सम्पतिधारकों ने अपनी सम्पति को स्वप्रमाणित (Self Certificated) नहीं किया है, उनसे अनुरोध है की वे नगर परिषद जींद में आकर अपनी सम्पति आई डी (प्रॉपर्टी आई डी) को स्व-प्रमाणित करवाना सुनिश्चित करें जिसके निम्नलिखित लाभ है :-
   (क) स्व-प्रमाणित होने पर आपकी प्रोपर्टी आई.डी. से कोई भी छेड़छाड़ नहीं कर पायेगा।
   (ख) स्व-प्रमाणित करने पर आप अपनी प्रोपर्टी आई.डी. से सम्बन्धित सभी प्रकार के देय भुगतान स्वयं कर सकते हैं व NDC भी स्वयं निकाल सकते हैं।
   (ग) स्व-प्रमाणित प्रोपर्टी आई.डी. होने के उपरांत प्रोपर्टी आई.डी. से सम्बन्धित सभी विभागिय जानकारी जैसे-सम्पति कर पर छूट, सम्पति कर पर मांग आदि, आपके मोबाइल नं. पर उपलब्ध हो जाएगी ।
3. **सभी सम्पतिधारकों से अनुरोध है कि अपनी अपनी सम्पति / सम्पतियों का कर (प्रॉपर्टी टेक्स) का भुगतान करना सुनिश्चित करें। सम्पतिकर पर सरकार द्वारा 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत की छुट भी दे दी गई है। इसके अतिरिक्त जिन सम्पतिधारको ने कई वर्षों से अपनी सम्पति का प्रॉपर्टी टेक्स जमा नही करवाया है, उन सम्पतियों पर नगर परिषद द्वारा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।**

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी / सचिव
नगर परिषद जींद

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द

**मुक्कदमा नम्बर- 102, दिनांक 02.06.2025, धारा 127(6) बीएनएस, थाना शहर सफीदों।**

### गुमशुदा की तलाश



नाम- संदीप उर्फ सोनू
पिता का नाम- मदन लाला
पता- वार्ड नंबर-15 सफीदों
उम्र 35 साल
हुलिया- रंग सावला, लम्बुतरा चेहारा, दाहिने पैर पर चोट का निशान, लोअर टीशर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है। जो बिना किसी को घर बताए दिनांक 02.06.2025 से गायब हैं। यदि किसी को पता चले तो मोबाइल नं. 8814011533 प्रबन्धक अफसर थाना शहर सफीदों व 01681-245711 कंट्रोल रुम जीन्द से सम्पर्क करें।

प्रबन्धक अफसर
थाना शहर जीन्द ।

पीआरडीएच-1084/11/3684/2026/37018/88/6 दि. 28.07.25

## तकनीकी शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार
बेज नं. : 7-12, सेक्टर-4, पंचकुला, हरियाणा
टोल फ्री : 1800-137-3735, ई-मेल : onlineadmissionhelp@gmail.com
वेबसाइट : www.hstes.org.in

**विषय : सत्र 2025-26 हेतु रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों में केवल डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. लेटरल एंट्री कोर्सेज के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग।**

यह इच्छुक उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि सत्र 2025-26 हेतु रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत केवल डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. लेटरल एंट्री कोर्सेज में सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों में प्रवेश के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग, सम्बन्धित बहुतकनीकियों में आयोजित की जाएगी।

संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग के निर्देशों सहित बहुतकनीकियों की सूची **www.hstes.org.in** पर उपलब्ध है। सरकारी/सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों में रिक्त/छोड़ी गई सीटों पर प्रवेश लेने के लिये कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 06.08.2025 | संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग हेतु नई इंटर-से-मैरिट/रैंक की घोषणा |
| 07.08.2025 | सभी श्रेणियों हेतु संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग |
| 08.08.2025 | किसी आरक्षण के बिना संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग (सभी आरक्षित श्रेणियों का विलय करके) |

उपरोक्त कार्यक्रम के अनुरूप प्रथम संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग के पश्चात, सभी सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त / स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों को डिप्लोमा विवरणिका-2025 की मुख्य तिथियों में वर्णितानुसार कट-ऑफ तिथि तक शेष बची रिक्त सीटों (यदि कोई हो) को भरने के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग(एस) का दूसरा चरण आयोजित करने की अनुमति भी दी जाती है।

अतः, इच्छुक उम्मीदवार डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. लेटरल एंट्री कोर्सेज में प्रवेश के लिये संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग में भाग लेने के लिये हरियाणा के किसी सरकारी/सरकारी सहायताप्राप्त/स्व वित्तपोषित बहुतकनीकियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1115/11/427/2026/37066/88/6 दि. 28.07.25 संयुक्त निदेशक, एचएसटीईएस

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिला में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) कि.मी. 0.00 से 0.900 में ब्रास-से-ब्रास मंदिर (रोड आईडी 8632) (ओडीआर) पर सीसीबी को पुनः बिछाना और उठाने का कार्य। | 25.07.2025 31.07.2025 | 14.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | मोखरा खास में श्री कृष्ण गऊशाला में चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 25.07.2025 01.08.2025 | 69.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | ज्योतिसर, सामुदायिक केन्द्र का निर्माण (0.75 एकड़)। | 26.07.2025 13.08.2025 | 67.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | वन विभाग फरीदाबाद | पाली गांव, फरीदाबाद में सी.एम. घोषणा सं. 18069. | 26.07.2025 12.08.2025 | 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfofbd2@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | चरखी दादरी मण्डल से सम्बन्धित बियरिंग्स और वैद्युत मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 26.07.2025 08.08.2025 | 40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2528254 xenproc@gmail.com |
| 6 | महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज अम्बाला | बोर्ड्स / होर्डिंग्स पर विज्ञापन के लिए निविदा सूचना। | 25.07.2025 18.08.2025 | 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467533200 gmhramba@gmail.com |
| 7 | वन विभाग चरखी दादरी | चारदिवारी का निर्माण, मिट्टी भराई और पी.पथ इत्यादि कार्य। | 23.07.2025 30.07.2025 | 17.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/140/37057/I/88/6 दि. 28.07.25

## प्रपत्र—'जी'
### अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

**अमिप्रभु डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड झज्जर में रियल एस्टेट क्षेत्र में कार्यरत है**

(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियमन 36ए के उप—विनियमन (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016)

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं. | अमिप्रभु डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड पैनः AAFCA4521J \| सीआईएनः U45201DL2005PTC134318 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | फ्लैट संख्या 2, भूतल, ब्लॉक—डी, पार्क 5, सैक्टर 15, रोहिणी, उत्तरी दिल्ली, भारत, 110089 (एमसीए वेबसाइट के अनुसार) |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | कोई वेबसाइट उपलब्ध नहीं है |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | समाधान पेशेवर के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेट देनदार की अधिकांश संपत्तियाँ झज्जर, हरियाणा में स्थित हैं |
| 5. | मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता | लागू नहीं |
| 6. | मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं | केवल 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष तक के वित्तीय विवरण उपलब्ध हैं। समाधान पेशेवर के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष यानी 31 मार्च 2024 में बिक्री शून्य थी। |
| 7. | कर्मचारियों / कामगार की संख्या | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत और अन्य कार्यालयों में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। समाधान पेशेवर के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेट देनदार में कोई कर्मचारी नहीं है। |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं | विवरण **amiprabhucirp@gmail.com** पर ईमेल भेजकर प्राप्त किए जा सकते हैं। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है | विवरण **amiprabhucirp@gmail.com** पर ईमेल भेजकर प्राप्त किए जा सकते हैं। |
| 10. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | **13 अगस्त 2025** (रात 11:00 बजे से पहले) amiprabhucirp@gmail.com पर ईमेल भेजकर और / या एफ—1, मिलाप नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली—110059 पर व्यक्तिगत रूप से डिलीवरी द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं। |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि | **23 अगस्त 2025** |
| 12. | अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | **28 अगस्त 2025** |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | **07 सितंबर 2025** |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | **12 सितंबर 2025** |
| 15. | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | **12 अक्टूबर 2025** |
| 16. | ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी | **amiprabhucirp@gmail.com** |
| 17. | कॉर्पोरेट देनदार की एमएसएमई के रूप में पंजीकरण स्थिति का विवरण | नहीं |

हस्ता / —
**मुकेश गुप्ता**
समाधान प्रोफेशनल, अमिप्रभु डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
**पंजीकरण सं.**:IBBI/IPA-001/IP-P-01494/2018-2019/12254
एफ—1, मिलाप नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली—110059
**तिथि** : 29.07.2025
**स्थान** : नई दिल्ली

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ता भाजपा की असली ताकत : पूनिया

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री की संगठनात्मक बैठक का आयोजन होटल शगुन सेरेमनी फरीदाबाद महानगर स्थित पर किया गया। बैठक में मुख्य रुप से प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिलाध्यक्ष महानगर सोहन पाल सिंह, बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, एनआईटी के विधायक सतीश फागना, फरीदाबाद की मेयर प्रवीण जोशी सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता है और मेहनती कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभर रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फरीदाबाद।** डीग-प्रहलादपुर रोड पर लकड़ियों भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। किशोर अपने मामा के साथ डीग गांव जा रहा था। मौके पर चालक ट्रैक्टर छोडक़र भाग गया। थाना सदर बल्लभगढ़ पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार मामा-भांजे ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था। मृतक इकलौता बेटा था। प्रह्लादपुर गांव में रहने वाले सतबीर की बहन नीतू की शादी रेवाड़ी के रामपुरा गांव में हुई थी। करीब चार साल पहले इसके पति की बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। इसलिए नीतू अपने इकलौते बेटे जतिन को लेकर मायके प्रहलादपुर में अपने भाई सतबीर के पास रहने लगी थी।

### खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगी

**फरीदाबाद।** मेट्रो स्टेशन के बाहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। घटना सोमवार दोपहर सेक्टर 30 मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 के बाहर की है, जहां एक युवक अपनी स्कूटी खड़ी कर नजदीक की दुकान पर चला गया था। तभी स्कूटी से अचानक तेज धुआं निकलने लगा, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दीए लेकिन तब तक स्कूटी से उठता धुआं तेज होकर आग की लपटों में बदल चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिकए करीब 5 मिनट में पूरी स्कूटी आग की चपेट में आ गई और जलकर राख हो गई। पुलिस ने मामले को संभाला।

# हिसार में ट्रक व क्रेटा के बीच भयंकर टक्कर, चार युवकों की मौत

## दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई क्रेटा, फंसे शवों को कार का दरवाजे काटकर निकाला

**नंगथला के पास रविवार देर रात एक बजे के लगभग हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के अग्रोहा क्षेत्र के गांव नंगथला के पास ट्रक व क्रेटा गाड़ी के बीच हुई टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि क्रेटा गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और चारों युवक उसी में फंस गए, जिन्हें दरवाजे काटकर बाहर निकाला गया। हादसा अग्रोहा-बरवाला रोड पर नंगथला गांव के पास रविवार रात को हुई। इसमें चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अग्रोहा क्षेत्र के किरोड़ी निवासी 27 वर्षीय राममेहर, 28 वर्षीय प्रवीण भादू व 24 वर्षीय रविन्द्र के रूप में हुई है।

■ युवकों की जेब से मिले आधार कार्ड से हुई उनकी पहचान

### कोथली लेकर आए थे

एक अन्य मृतक राजू है जो राजली गांव का रहने वाला है। राजू बहन की कोथली लेकर आया था और वह मृतक राममेहर की पत्नी का भाई था। पुलिस के अनुसार किरोड़ी गांव से चार युवक एक क्रेटा कार में सवार होकर अग्रोहा की ओर जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी रात करीब एक बजे नंगथला के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। उन्होंने ही पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो गाड़ी से शवों को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन शव कार में बुरी तरह फंसे हुए थे।

पहले गाड़ी के दरवाजों को काटकर अलग किया गया। इसके बाद गाड़ी में फंसे शवों को निकाला गया। सभी शवों को पुलिस ने अग्रोहा के मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां डॉक्टरों ने चारों युवकों की मौत की पुष्टि की। शवों की जेब से उनके आधार कार्ड मिले हैं, जिनके आधार पर उनकी पहचान की गई। साथ ही उनके परिजनों को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

युवकों के एक दोस्त तेजा पूनिया ने बताया है कि किरोड़ी गांव के रहने वाले राममेहर पूनिया का साला राजू अपनी बहन की कोथली लेकर राजली गांव से किरोड़ी आया हुआ था। उसी के साथ ये तीनों कार लेकर कहीं गए थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। तेजा ने बताया कि सभी मृतक सामान्य परिवार से हैं।


अग्रोहा। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।


राममेहर पूनिया


राजू बूरा


प्रवीण भादू


रविंद्र शर्मा

### मृतक प्रवीण को छोड़कर सभी शादीशुदा

तेजा ने बताया कि मृतकों में प्रवीण भादू की शादी नहीं हुई थी, जबकि बाकी सभी युवक शादीशुदा थे। राममेहर के साले राजू की दो साल पहले शादी हुई थी और उसकी लगभग पांच माह की बेटी है। तेजा ने यह भी बताया है कि राजू अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। अब उसके घर में उसकी पत्नी, बेटी और माता-पिता ही बचे हैं। इसके अलावा ये सभी युवक बेरोजगार थे और नौकरी की तलाश कर रहे थे। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## तीज पर चाइनीज मांझे से रेवाड़ी और कैथल में कई लोग घायल

# बाइक पर आगे बैठकर दादा के साथ बाजार से लौट रही थी बच्ची, रास्ते में चाइनीज डोर से गला कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

तीज पर्व पर लोगों ने जहां पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया, तो यह पतंगबाजी कुछ परिवारों के लिए घातक भी साबित हो गई। गले में चायनीज मांझा फंसने से जहां एक 8 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पतंग की डोर ने चार लोगों को घायल कर अस्पताल पहुंचा दिया। परशुराम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपनी 8 साल की पौत्री को बाइक पर लेकर बाजार गया था। बच्ची को दादा ने आगे बैठाया हुआ था। घर लौटते समय भाड़ावास रोड फ्लाईओवर के निकट पतंग का मांझा बच्ची की गर्दन में फंस गया, जिससे उसकी गर्दन कट गई। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। तीज पर्व पर हुई बच्ची की मौत से घर में मातम छा गया। त्योहार की खुशियां गम में बदल गई।

■ बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया

■ डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

परिजनों इस मामले में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। मोहल्ला संघी का बास में 9 साल का एक बच्चा छत पर पतंग उड़ाते समय मांझे में उलझ गया। वह मकान की छत से गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। धामलावास निवासी यशपाल भी मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। उसके नाम पर चोट आई हैं।



### बाइक चला रहे युवक के गले में अटकी डोर

कुतुबपुर निवासी पुनीत अपनी बाइक से बाजार जाने के लिए निकला था। रास्ते में पतंग का मांझा उसके गले में फंस गया। इससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने प्राथमिक उपचार कराया। प्रशासन की ओर से चाइनीज मांझे के इस्तेमाल पर रोक लगाई हुई है। तीज पर्व पर चानइनीज मांझे से पतंग उड़ाने वाले लोगों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया।

## कैथल में दो गंभीर रूप से घायल, डोर से बच्चे का गला कटा, 13 टांके लगाने पड़े, बुजुर्ग पीजीआई रेफर

**कैथल।** तीज पर्व के दौरान भी चीन के मांझा की चपेट में आने से एक बालक और एक बुजुर्ग घायल हो गए। इस मामले में एक बच्चा व एक बुजुर्ग दर्जी चाइनीज मांझा की चपेट में आया है। दरअसल ये दोनों ही पैदल जा रहे थे, लेकिन अचानक से पतंगबाज की ओर से पतंग के कटने के बाद खींचे गए मांझा के कारण यह घायल हो गए। घायल होने वालों में पट्टी अफगान निवासी 12 वर्षीय पुनीत व 55 वर्षीय दर्जी विजय है। दोनों को ही घटना के बाद जिला नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, लेकिन यहां से उन्हें हायर सेंटर में रेफर कर दिया है।

### इलाज न मिलने का आरोप

ऐसे में बच्चे पुनीत का इलाज पुराना बस स्टैंड स्थित शाह अस्पताल तो बुजुर्ग विजय का इलाज रोहतक पीजीआई से चल रहा है। दोनों के परिजनों ने सरकारी अस्पताल में सही इलाज न देने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि वे समय पर ही चले गए, लेकिन यहां पर मौजूद चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ ने उम्मीद अनुरूप सहयोग नहीं किया। पट्टी अफगान निवासी पुनीत के नाना सतपाल ने बताया कि रविवार शाम के समय पुनीत कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर स्थित ड्रेन की तरफ खेलने के लिए गया था। उसी समय एक पतंग कटी तो कटी हुई पतंग की डोर नीचे आ रही थी। उसी समय वहां से एक बाइक सवार गुजर रहा था। बाइक सवार ने मांझा देखने के बाद इसे एक तरफ हटा दिया, लेकिन दूसरी तरफ उसका दोहता पुनीत था तो यह मांझा उसके गले से होता हुआ गुजरा तो वह चोटिल हो गया। पहले उसे सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने उसे हायर सेंटर में रेफर कर दिया। इसके बाद उसे शाह अस्पताल में दाखिल करवाया। यहां पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया तो पुनीत के गले पर 13 टांके आए हैं।


कैथल। मांझे की चपेट में आने से घायल पुनीत

### विजय के पांव में गहरा घाव डॉक्टर बोले- आपरेशन होगा

इसके अलावा प्रताप गेट निवासी बुजुर्ग दर्जी विजय ने बताया कि वह भी बाद दोपहर तलाई बाजार स्थित अपनी दुकान से प्रताप गेट पर अपने घर खाना खाने के लिए आ रहा था। जब वह प्रताप गेट पर ही प्राचीन हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो यहां पर कटी हुई पतंग का मांझा नीचे पड़ा था। इसी दौरान एक बाइक सवार वहां से गुजर रहा था और वह तेज गति में था। मांझा उसके पैर में था और उसके पैर को चीरता हुआ चला गया। इसके बाद पैर में काफी अधिक घाव आया। उसने परिजनों को तुरंत सूचना दी तो वह उसे लेकर जिला नागरिक अस्पताल में लेकर आए। यहां से उन्हें हायर सेंटर में भेज दिया। अब वह रोहतक पीजीआई में दाखिल हुए हैं। डॉक्टरों ने उनके पैर का ऑपरेशन बताया है। ऑपरेशन के बाद ही पैर ठीक होगा

## ड्रेन में दिखा सात फुट लंबा मगरमच्छ, ग्रामीणों में भय का माहौल



**कुरुक्षेत्र।** दबखेड़ी गांव के समीप जा रही ड्रेन में एक सात फुट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया गया है। ड्रेन में मगरमच्छ की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ड्रेन में अपने पशुओं को नहलाने आए ग्रामीणों ने मगरमच्छ को देखा और इसकी सूचना गोताखोर प्रगट सिंह को दी। सूचना मिलते ही गोताखोर मौके पर पहुंचे और ड्रेन का मुआयना किया। उन्होंने वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम को सूचना दी।

■ गोताखोरों ने पकड़ने के लिए ड्रेन में जाल लगाया

गोताखोर ने मगरमच्छ को रेस्क्यू करने के लिए जाल लगा दिया। हालांकि खराब मौसम की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं चलाया जा सका। विभाग ने डेरे के लोगों को ड्रेन से दूर रहने और अपने मवेशी ड्रेन में नहीं ले जाने की हिदायत दी है। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि ड्रेन में पड़ा मगरमच्छ करीब 7 फुट लंबा है। आसपास रिहायशी इलाका है। इसलिए मगरमच्छ के पकड़े जाने तक लोग सतर्क रहें। साथ ही बच्चों और मवेशियों को ड्रेन से दूर रखें।

## कुरुक्षेत्र में खून से लथपथ शव मिला, सिर पर चोट के निशान

**कुरुक्षेत्र।** झांसा थाना के अंतर्गत गांव शांति नगर कुरड़ी में मस्जिद के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। व्यक्ति के सिर पर चोट के निशान है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति का मर्डर किया गया है। झांसा पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक व्यक्ति की पहचान करीब 35 वर्षीय अजैब सिंह निवासी शांति नगर कुरडी के तौर पर हुई है। अजैब सिंह मेहनत-मजदूरी करता था। अजैब सिंह बीती शाम करीब 6 बजे अपने घर से निकला था। उसके बाद पूरी रात घर नहीं आया था। अजैब सिंह की पत्नी रीना देवी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 9:30 बजे दिलबाग सिंह और शराफत अली उसके घर में घुस आए थे। आते ही वे दोनों उसके बच्चे और भाई को धमकाने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। वह चिल्लाई तो दोनों आरोपी भाग निकले। इस दौरान उसका पति घर पर नहीं था। रात करीब 12 बजे आरोपी फिर से उसके घर में आए और साफ तौर पर उसके पति को जान से मार डालने की धमकी देकर फरार हो गए। सुबह होते ही उसके पति अजैब सिंह का शव मस्जिद के पास खून से लथपथ पड़ा मिला।

## प्रतिबंधित दवाओं की खेप के साथ युवक गिरफ्तार, रोहतक से सप्लाई करने आया था



**जींद।** सीआईए स्टाफ पुलिस नरवाना की टीम ने जुलाना में छापेमारी कर एक व्यक्ति को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ काबू किया है। आरोपित के पास से छह हजार प्रतिबंधित नशीली दवाई बरामद हुई हैं। आरोपित की पहचान रोहतक के पाड़ा मोहल्ला निवासी केशव गांधी के तौर पर हुई है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए उनकी एक टीम सहायक उप निरीक्षक अवतार सिंह के नेतृत्व में जैजैवंती गांव के फ्लाईओवर के नीचे मौजूद थी। टीम को सूचना मिली कि रोहतक का केशव गांधी नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है और इस समय जुलाना के सोनिया इंटरनेशनल स्कूल के पास नशीली गोलियों की बड़ी खेप लिए हुए है। सीआईए टीम ने तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया और तत्परता से कारवाई करते हुए सोनिया इंटरनेशनल स्कूल के पास छापेमारी कर आरोपी को स्कूटी सहित काबू कर लिया। सीआईए टीम ने राजपत्रित अधिकारी जींद के सुब्रत शर्मा ईटीओ की हाजरी में आरोपी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10 गत्ते के डिब्बों में छह हजार नशीली गोलियां बरामद हुई। ये प्रतिबंधित दवाएं हैं, जो बिना चिकित्सक की सलाह के नहीं दी जा सकती है।

## सफीदों में डॉ. विकास की हत्या मामले में एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा

# रोड रेस के बाद रोडरेज, कर दी डॉक्टर की हत्या

**हत्यारोपित की गाड़ी भिड़ी थी चिकित्सक वाली गाड़ी से**

**मृतक डॉक्टर तथा उसके दोनों साथी सिलसिलेवार उतरे तो आरोपित करता चला गया तेजधार हथियार से हमला, पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सफीदों में निजी चिकित्सक की हत्या रोड रेस के बाद रोडरेज में हुई थी। गाडियों की रोड रेस असंध के ढाबे के निकट से शुरू हुई थी जो सफीदों के रामपुरा रोड पर रोडरेज मे हत्या पर समाप्त हुई। हत्यारोपित की पुलिस मुठभेड़ के बाद हुए गिरफ्तार से निजी चिकित्सक हत्याकांड की गुत्थी भी सुलझ गई है। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल आरोपित को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने सफीदों के निजी चिकित्सक डा. विकास हत्या को लेकर खुलासा करते हुए बताया कि गत 24 जुलाई का मृतक सफीदों का चिकित्सक डा. विकास, डा. सुनील, उसका साढ़ू यशपाल समेत पांच डाक्टर क्रेटा गाड़ी से असंध के निकट ढाबे पर गए हुए थे। जहां पर सभी ने ड्रिंक की। जिसके बाद दो डाक्टर अपनी गाड़ी से निकल गए। जबकि डा. विकास, यशपाल अपनी क्रेटा गाड़ी से सफीदों के लिए रवाना हो गए। उसी दौरान उनकी गाड़ी के निकट से फोरच्यूनर गाड़ी निकली। जिसमें चालक व एक महिला सवार थी। जिसके बाद दोनों गाडियों में रेस शुरू हो गई। सफीदों के रामपुरा रोड पर डा. विकास तथा उसके साथियों ने अपनी गाड़ी को फोरच्यूनर गाड़ी से आगे निकाल कर रोड दिया। फोरच्यूनर गाडी डा. विकास वाली क्रेटा गाड़ी में जा भिड़ी। डा. विकास नीचे उतर कर फोरच्यूनर गाड़ी चालक के पास पहुंचा तो उसने पास तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसके बाद डा. अनील तथा यशपाल उसके पास पहुचे तो फोरच्यूनर वाले ने उन पर भी हमला कर दिया। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। फोरच्यूनर चालक गाडी समेत मौके से फरार हो गया। तीनों घायलों में से डा. विकास ने दम तोड़ दिया। जबकि डा. अनील तथा यशपाल को पानीपत के निजी अस्पताल में भरती करवा गया। मृतक विकास के पिता शिव कुमार की शिकायत पर दोनो घायलो को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। सबसे बड़ी दिक्कत फोरच्यूनर गाड़ी के नंबर को सीसी टीवी कैमरे में न आना था।

### आरोपित पर पहले से नौ मामले दर्ज

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए सफीदों के डीएसपी गौरव शर्मा के नेतृत्व में गठित पांच टीमों ने फोरच्यूनर चालक गांव जयसिंहपुरा निवासी प्रदीप को ट्रेस कर ट्रेक कर लिया। सीआईए जींद प्रभारी मुनीष के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद नरवाना के निकट आरोपित प्रदीप को काबू कर लिया। आरोपित पर हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत नौ अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित वर्ष 2023 मे करनाल के हत्या के मामले में पैरोल जंफर भी है। आरोपित से अस्पताल से छुट्टी के बाद चिकित्सक हत्याकांड मे गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## कैथल में अध्यापक पर दसवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में केस दर्ज

# शिक्षक के समर्थन में छात्राएं, एसपी से मिलने पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले के एक गांव के सरकारी स्कूल में अध्यापक की ओर से 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के मामले में स्कूल की अन्य छात्राएं अध्यापक के पक्ष में आई हैं। इस संबंध में छात्राएं एसपी से मिलने के लिए लघु सचिवालय में पहुंची और अध्यापक के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद्द करने की मांग की। छात्राओं ने बताया कि स्कूल की छात्रा की ओर से अध्यापक पर जो आरोप लगाए गए हैं, वे निराधार हैं। पुलिस की ओर से मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। छात्राओं ने कहा कि अध्यापक ने ऐसा कोई काम नहीं किया है। स्कूल के ही कुछ अन्य अध्यापक उसके साथ राजनीति कर रहे हैं और उसी के चलते उन्होंने लड़की को ढाल बनाकर उस पर केस दर्ज करवाया है। उन्होंने मांग की कि अध्यापक पर दर्ज केस वापस लिया जाए और राजनीति करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाए।

■ शिक्षक पर दर्ज केस खत्म करने की मांग, बताया निर्दोष

**यह है मामला:** स्कूल की एक नाबालिग छात्रा ने अपने ही शिक्षक पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। आरोपी शिक्षक विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय पढ़ाता है। आरोप है कि शिक्षक ने 16 जुलाई को लैब में जाकर छात्रा से छेड़खानी की। दूसरी ओर जिस शिक्षक पर आरोप लगे हैं, उसने आरोपों को नकार दिया। शिक्षक का कहना है कि छात्रा लैब में जाकर अश्लील वीडियो देख रही थी। जब उसे रोका तो उसे देख लेने की धमकी दी गई। जब छात्रा ने स्कूल प्रबंध कमेटी को शिकायत दी तो मामले में स्कूल में पहले दोनों पक्षों की पंचायत भी हुई, लेकिन सुलह न होने पर छात्रा के परिवार ने महिला पुलिस थाना में शिकायत दी है। डीएसपी और महिला थाना पुलिस की टीम ने स्कूल में जाकर छात्रा के बयान दर्ज करवाए। शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ और एससी/एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करने की शिकायत दी।


कैथल। अध्यापक के समर्थन में एसपी से मिलने पहुंची छात्राएं और उनके परिजन

### शिक्षक बोला- आरोप झूठे वीडियो देखने पर टोका था

इस बारे में शिक्षक ने बताया था कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। 16 जुलाई को भाषा लैब में मैंने दो छात्राओं को अश्लील वीडियो देखने पर टोका था। परिवार को स्कूल में बुलाने के लिए कहा तो छात्रा ने उसे देख लेने की धमकी दी। 19 जुलाई को छात्रा ने कक्षा में आकर उससे माफी भी मांग ली और शिकायत भी वापस ले ली। अब स्कूल के ही दो अध्यापकों ने छात्रा को उकसाया और उसके खिलाफ शिकायत दिलवाई।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# बिहार मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से किया इंकार

## अदालत ने कहा- आधार और मतदाता आईडी पर विचार करे आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर चुनाव आयोग से कहा है कि वह बिहार में चल रही मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के दौरान आधार कार्ड और मतदाता आईडी कार्ड को पहचान के वैध दस्तावेज के रूप में मानने पर विचार करे। अदालत ने यह बात उस मामले की सुनवाई के दौरान कही, जिसमें यह मुद्दा उठा है कि मतदाता सूची की जांच प्रक्रिया में किन दस्तावेजों को मान्य माना जाए। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए। पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि इसलिए अब ऐसा नहीं किया जा सकता तथा मामले का स्थायी निपटारा किया जाएगा।

आज अगली सुनवाई की तारीख तय करेगा सुप्रीम कोर्ट



### राशन कार्ड की जालसाजी संभव

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह प्रारंभिक रूप से हाई कोर्ट के आदेश से सहमत है और निर्वाचन आयोग ने अपने जवाबी हलफनामे में माना है कि आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को स्वीकार किये जाने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि जहां तक राशन कार्ड का सवाल है, तो हम यह कह सकते हैं कि उसकी आसानी से जालसाजी की जा सकती है, लेकिन आधार और मतदाता पहचान पत्र की कुछ विश्वसनीयता है और उनके प्रामाणिक होने की धारणा है। आप इन दस्तावेजों को स्वीकार करना जारी रखें।

### एसआईआर पर जल्द अंतिम निर्णय लेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिये अंतिम निर्णय लेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह मंगलवार को इस मामले की अंतिम सुनवाई की समय-सारणी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से कहा है कि वे यह तय करें कि उन्हें अपनी दलीलें पेश करने में कितना समय लगेगा।

### विपक्षी दलों ने कई याचिकाएं दायर कीं

कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, जेएमएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के विपक्षी दलों के नेताओं की ओर से बिहार में चुनाव से पहले एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। राजद सांसद मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की अलग-अलग याचिकाओं के अलावा कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, शरद पवार एनसीपी गुट की सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, समाजवादी पार्टी के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव गुट) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।




### एसआईआर को लेकर लोकसभा में विरोध

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर सोमवार को संसद के बाहर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इसमें प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से लोकसभा नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी, सांसद सोनिया गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाग लिया। वहीं, लोकसभा के अंदर विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले भी दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। विपक्ष के संसद में हंगामे पर नाराजगी जाहिर करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से भाग रहा है। विपक्ष अब ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर भी चर्चा करने की गारंटी मांग रहा है।

## खबर संक्षेप

### मराठा हूं इसलिए मंत्री पद नहीं मिला: सोलंके



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीड जिले के माजलगांव से एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके ने आरोप लगाया है कि मराठा समुदाय से होने के कारण उन्हें महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि बीड जिले में मराठाओं ने पार्टी को ताकत दी, लेकिन मराठाओं को अनदेखा कर दिया जाता है। अगर वह ओबीसी होते तो मंत्री बन जाते।

### जैसलमेर स्कूल में पिलर गिरा, पहली के छात्र की मौत टीचर भी घायल

**जयपुर।** राजस्थान के जैसलमेर में एक और स्कूल में हादसा हुआ है। यहां पर तेज हवा के कारण सरकारी स्कूल के गेट का पिलर एक छात्र पर गिर गया। इसके कारण छात्र की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं स्कूल का एक टीचर भी घायल हुआ। गेट का पिलर गिरने के कारण पहली कक्षा के 9 वर्षीय अरबाज की मौत हो गई है। झालावाड़ के बाद यह दूसरी घटना है। 2 दिन पहले झालावाड़ जिले के सरकारी स्कूल की छत गिर गई थी।

### खतरनाक बीमारी के खिलाफ मजबूती से आगे बढ़ रहा भारत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर कहा कि भारत इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ मजबूती से आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



चल रहे राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के जरिए देशभर में लोगों की जान बचाने और बीमारी को खत्म करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें, हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। , जिसका उद्देश्य वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जानकारी बढ़ाना और इससे निपटने के लिए रोकथाम, जांच और इलाज के प्रयासों को मजबूत करना होता है। जेपी नड्डा ने इस साल की थीम 'हेपेटाइटिस : लेट्स ब्रेक इट डाउन' पर कहा कि यह थीम उन सामाजिक रुकावटों को खत्म करने पर जोर देती है, जो इस बीमारी के उन्मूलन में बाधा बनती हैं।

## राहुल-गोगोई का नाम लेकर बिफरे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

# आपको पर्चे फेंकने और तख्तियां लहराने के लिए नहीं भेजा गया

सदन में योजना बनाकर व्यवधान पैदा कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में छठे दिन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच का गतिरोध समाप्त नहीं हुआ। लोकसभा की कार्यवाही बाधित होने पर अध्यक्ष ओम बिरला नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस सांसदों का नाम लेकर सदन में योजना बनाकर व्यवधान पैदा करने का आरोप लगाया।

बिरला ने राहुल गांधी और असम से निर्वाचित सांसद गौरव गोगोई का नाम लेकर उन्हें टोका। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के हंगामे पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि मिस्टर गोगोई और आप सब राजनीतिक दलों के लोग आए थे, आपने कहा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए, फिर आप सदन बाधित कर रहे हैं। आखिर सदन आप क्यों नहीं चलने दे रहे? प्रश्नकाल सदस्यों का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आखिर देश जानना चाहता है कि आप प्रश्नकाल क्यों स्थगित करना चाहते हैं? क्यों आप प्रश्नकाल के अंदर नियोजित बाधा करना चाहते हैं?

ये भी बोले



सदन क्यों नहीं चलने दे रहे? | प्रश्नकाल क्यों स्थगित करना चाहते हैं?






### राहुल गांधी से पूछे कड़े सवाल

ओम बिरला ने सांसद राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिपक्ष के नेता, आपके दल के नेताओं को समझाओ, इनको सदन में पर्चे फेंकने के लिए, तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा है। आप प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते। जवाब दो, देश जानना चाहता है कि आप प्रश्नकाल क्यों नहीं चलाना चाहते। 10 महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर चर्चा होने वाली है। शिक्षा, पर्यावरण, विधि, श्रम जैसे महत्वपूर्ण विभागों पर चर्चा। सदस्यों का समय होता है। आखिर क्यों प्रश्नकाल स्थगित करा रहे हो आप?

### सरकार को जवाबदेही तय करनी होगी : ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए उसे जवाबदेही तय करनी होगी। इसके साथ ही ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, आतंकवाद एवं बातचीत भी साथ-साथ संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार भी पूरी तरह से बंद है और इस स्थिति में दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच के लिए कैसे अनुमति दी जा सकती है।

### राहुल गांधी पाकिस्तान के दुष्प्रचार के 'पोस्टर ब्वॉय' बन गए हैं : अनुराग

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब वह 'एलओपी' (विपक्ष के नेता) से 'एलओबी' (लीडर ऑपोजिंग भारत) बन गये हैं और उनके एजेंडे में केवल भारतीय सेना तथा प्रधानमंत्री का विरोध करना लिखा है। ठाकुर ने सदन में नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पता नहीं वह (राहुल) ''कांग्रेस के पोस्टर ब्वॉय'' बन पाए न बन पाए लेकिन पाकिस्तान के ''दुष्प्रचार के पोस्टर ब्वॉय'' बन गए हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, ''जब भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही थी...तो राहुल गांधी जी क्या कर रहे थे? वह सबूत मांग रहे थे।''

## ममता ने 'भाषा आंदोलन' शुरू किया

# बंगाल में एनआरसी लागू कभी भी 'नहीं' होने दूंगी

ये भी बोलीं- भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने देशभर में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित हमलों के विरोध में सोमवार को बीरभूम जिले के बोलपुर से 'भाषा आंदोलन' की शुरुआत की और कहा कि मैं जान दे दूंगी, लेकिन किसी को अपनी भाषा छीनने की इजाजत नहीं दूंगी।

उन्होंने कहा कि वह भाषा के आधार पर विभाजन नहीं चाहतीं। मैं किसी भाषा के खिलाफ नहीं हूं, मेरा मानना है कि विविधता में एकता हमारे राष्ट्र की नींव है। ममता ने कहा कि आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए। ममता ने दावा किया कि बांग्ला दुनिया में पांचवीं और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, फिर भी बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर 'सुप्रीम' रोक

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राहत देते हुए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के 17 जून के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया गया था। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय का आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। इससे पहले पीठ ने राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक है। उच्च न्यायालय ऐसा आदेश कैसे दे सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्य का हिस्सा है।

**एसआईआर का किया विरोध :** ममता ने पड़ोसी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का परोक्ष संदर्भ देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग पिछले दरवाजे से राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का प्रयास कर रहा है।

हैदराबाद में अवैध सरोगेसी घोटाला का भंडाफोड़

# आईवीएफ केंद्र की डॉक्टर समेत 10 गिरफ्तार, कई दस्तावेज बरामद

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद पुलिस ने एक अवैध सरोगेसी और नवजात बच्चों की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने आईवीएफ केंद्र की डॉक्टर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्लिनिक में इस्तेमाल किए जा रहे चिकित्सा उपकरण और दवाइयां, अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आईवीएफ सेंटर से केस रिकॉर्ड और सरोगेसी मामलों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर्स की मालिक अथलुरी नम्रता के रूप में हुई है।

### डीएनए मिलान नहीं होने पर दंपती ने की शिकायत



पुलिस ने बताया कि इस मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब एक दंपती ने शिकायत की। दंपती ने सरोगेसी के जरिए बच्चा पैदा करने के लिए आईवीएफ सेंटर को 35 लाख रुपए का भुगतान किया। हालांकि, नौ महीनों के दौरान क्लिनिक को कई भुगतान करने के बाद, दंपती को पता चला कि सरोगेसी के जरिए पैदा हुए नवजात शिशु का डीएनए उनके डीएनए से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता। इस पर दंपती को शक हुआ और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की।

### आरोपी डॉक्टर का बेटा भी इस घोटाले में शामिल

आरोपी डॉक्टर द्वारा संचालित यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर्स नामक आईवीएफ सेंटर के विजयवाड़ा, सिकंदराबाद, विशाखापत्तनम और कोंडापुर में भी केंद्र हैं। पुलिस ने बताया कि उसने 1995 में प्रैक्टिस शुरू की और साल 1998 से प्रजनन और आईवीएफ सेवाओं में कदम रखा। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के आईवीएफ सेंटर्स को जब्त कर लिया है।

## 12.44 करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन दिया

**नई दिल्ली।** जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने संसद को बताया कि जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत अब तक लगभग 12.44 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों को नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। शुरुआत में, केवल 3.23 करोड़ (16.7 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में ही नल के पानी के कनेक्शन होने की सूचना थी। वहीं, सरकार ने जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने की घोषणा की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने देश के दो कॉलेजों से मांगा जवाब

# छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे? हमारे आदेश का पालन क्यों नहीं?


*सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? संस्थान क्या कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार लगाई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी और आईआईटी खड़गपुर में छात्रों की आत्महत्या से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गूंजा।

सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर से पूछा कि छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? संस्थान क्या कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने शारदा यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट को कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन न करने के लिए फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में छात्रों की आत्महत्याओं के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर कर रहा है सुनवाई



मैनेजमेंट ने अभिभावकों को क्यों सूचना नहीं दी?

### कोर्ट ने कॉलेज प्रबंधन पर उठाए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि कॉलेज के छात्रों ने पिता को बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है? मैनेजमेंट ने क्यों नहीं बताया? मैनेजमेंट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया? क्या पुलिस और अभिभावकों को सूचित करना मैनेजमेंट का कर्तव्य नहीं है?

### चार हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की पुलिस को चार हफ़्तों में स्टेटस रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। शारदा यूनिवर्सिटी के मामले में अमाइकस अपर्णा भट्ट ने अदालत को बताया कि लड़की के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। एक सुसाइड नोट मिला है।


उत्तर रेलवे

**ए.टी.वी.एम. मशीन द्वारा अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु**

No: NR-UMB0COML/1/2025(284713) Date: 25.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, अंबाला मण्डल द्वारा सेवानिवृत ग्रुप सी रेलवे कर्मचारियों से स्मार्ट कार्ड धारक यात्रियों को अंबाला मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.वी.एम. मशीन द्वारा टिकट जारी करने में सहायता करने और ए.टी.वी.एम. मशीन से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु सहायक नियुक्ति करने के लिए आवेदन निमंत्रित किए जाते हैं। सहायक के रूप में कार्य करने की अवधि 01 वर्ष अर्थात 31.03.2026 तक की होगी। ए.टी.वी.एम. स्मार्ट कार्ड धारकों को दिये जाने वाले 3% बोनस के अतिरिक्त रेलवे द्वारा सहायकों को कोई भी अतिरिक्त मानदेय देय नहीं होगा।

अंबाला मण्डल में ए.टी.वी.एम. की सूची:–

| क्र. सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | ए.टी. वी.एम. की संख्या | नियुक्त किए जाने वाले सहायकों की संख्या | स्टेशन केटेगरी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहारनपुर | SRE | 3 | 6 | NSG-3 |
| 2 | यमुनानगर जगाधरी | YJUD | 1 | 3 | NSG-3 |
| 3 | बराडा | RAA | 1 | 3 | NSG-5 |
| 4 | अम्बाला कैंट | UMB | 2 | 6 | NSG-2 |
| 5 | अम्बाला सिटी | UBC | 1 | 3 | NSG-5 |
| 6 | चंडीगढ़ | CDG | 4 | 11 | NSG-2 |
| 7 | कालका | KLK | 1 | 3 | NSG-3 |
| 8 | राजपुरा | RPJ | 1 | 2 | NSG-4 |
| 9 | पटियाला | PTA | 1 | 3 | NSG-4 |
| 10 | नाभा | NBA | 1 | 3 | NSG-5 |
| 11 | धुरी | DUI | 1 | 3 | NSG-5 |
| 12 | सरहिंद | SIR | 1 | 3 | NSG-4 |
| 13 | खन्ना | KNN | 1 | 3 | NSG-5 |
| 14 | रूपनगर | RPAR | 1 | 3 | NSG-5 |
| 15 | आनंदपुर साहिब | ANSB | 1 | 3 | NSG-5 |
| 16 | नंगल डैम | NLDM | 1 | 3 | NSG-5 |
| 17 | रामपुर फूल | PUL | 1 | 3 | NSG-5 |
| 18 | बरनाला | BNN | 1 | 3 | NSG-5 |
| 19 | मलेरकोटला | MET | 1 | 3 | NSG-5 |
| 20 | बठिंडा | BTI | 2 | 5 | NSG-3 |
| 21 | अबोहर | ABS | 1 | 3 | NSG-4 |
| 22 | गिदड बाहा | GDB | 1 | 3 | NSG-5 |
| 23 | मलौट | MOT | 1 | 3 | NSG-5 |
| 24 | संगरूर | SAG | 1 | 3 | NSG-5 |
| 25 | सुनाम उधम सिंह वाला | SFMU | 1 | 3 | NSG-5 |
| 26 | ऊना हिमाचल | UHL | 1 | 3 | NSG-4 |
| 27 | अम्ब अन्दौरा | AADR | 1 | 3 | NSG-4 |
| 28 | शिमला | SML | 1 | 3 | NSG-5 |
| 29 | गोविन्दगढ़ | GVG | 1 | 3 | NSG-5 |
| | | | 36 | 102 | |

| | |
|---|---|
| अग्रिम राशि (रु.) | Nil |
| निविदा पत्र मूल्य (रु.) | Nil |
| सुरक्षा जमा राशि (रु.) | Nil |
| आवेदन पत्र जमा करवाने की तिथि | वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला के कार्यालय में इच्छुक सेवानिवृत रेल कर्मचारियों द्वारा जमा कराये गए प्रार्थना पत्र "पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकृत किए |
| आवेदन पत्र प्राप्त करने का स्थान व पता | नियम और शर्तों और मसौदा समझौते के विवरण वाले आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और इसे दिनांक 28.07.2025, समय 12:00 बजे से डाउनलोड किया जा सकता है। |

Assistant Commercial Manager,
Northern Railway, Ambala

2295/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है:**

**(क) कुल सोलह (16) स्टॉल:** अबोहर, सहारनपुर, यमुनानगर–जगाधरी, बराड़ा, अम्बाला कैंट, राजपुरा, पटियाला, धुरी, बठिंडा, बरनाला, चंडीगढ़, सरहिंद, कालका, शिमला, अम्ब–अन्दौरा और ऊना हिमाचल स्टेशनों पर।

**(ख) कुल चार (4) ट्राली):** अम्बाला शहर, आनंदपुर साहिब, मलोट और गिद्दड़बाहा स्टेशनों पर।

- **कुल बारह (12) स्टॉल:** अबोहर, सहारनपुर, यमुनानगर–जगाधरी, बराड़ा, अम्बाला कैंट, राजपुरा, पटियाला, धुरी, बठिंडा, बरनाला, चंडीगढ़, सरहिंद और उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर स्टॉल/ ट्राली स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- कालका और शिमला स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 30 दिन होगी।
- अम्ब–अन्दौरा और ऊना हिमाचल स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 15 दिन होगी।

1. चंडीगढ़, अम्बाला कैंट, सहारनपुर, यमुनानगर–जगाधरी और बठिंडा स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 6000 रु. की दर से प्रत्येक नब्बे (90) दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
2. अबोहर, मलोट, गिद्दड़बाहा, बरनाला, पटियाला, धुरी, सरहिंद, राजपुरा, और बराड़ा स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 3000 रु. की दर से प्रत्येक नब्बे (90) दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
3. कालका और शिमला स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
4. अम्ब–अन्दौरा और ऊना हिमाचल स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक पन्द्रह (15) दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।

**प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:–**

7. विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य / केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों / बुनकर आईडी कार्ड धारक।
8. भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) / गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर / बुनकर / शिल्पकार।
9. पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
10. समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
11. किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी। आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 01.08.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा। सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक / अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12 / 2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 2302/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# जवाब सुनने का धैर्य रखे विपक्ष, केवल हंगामा न करे

संसद सत्र के दौरान विपक्ष अगर किसी मुद्दे पर चर्चा चाहता है और किसी प्रश्न का जवाब चाहता है तो उसमें सुनने का धैर्य भी होना चाहिए और सरकार से मिले जवाब पर भरोसा भी करना चाहिए। सवालों के जरिये यदि विपक्ष की मंशा संसद में हंगामा कर ठप करने की है और मकसद केवल राजनीति करना है, तो फिर वो अपनी संसदीय भूमिका नहीं निभा रहा है। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के दिन से कांग्रेस समेत इंडिया ब्लॉक के सभी विपक्षी दल पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम कराने के दावे, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा की मांग करते रहे हैं। सरकार ने सर्वदलीय बैठक में भी विपक्ष को आश्वासन दिया कि वह सभी मुद्दों पर नियम के दायरे में चर्चा के लिए तैयार है। अब सरकार अगर संसद में विपक्ष के प्रश्नों के संदर्भ में सिलसिलेवार जवाब दे रही है, तो विपक्ष न सुनने समझने के लिए तैयार है न ही यकीन करने करने को राजी है। लगता है कांग्रेस ने एक ही ध्येय बना लिया है कि येनकेन प्रकार संसद में हंगामा करना है और सत्र नहीं चलने देना है। ऐसा इसलिए लग रहा है कि सोमवार को जब संसद में कांग्रेस ने तीखे सवाल किए तो सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह ने बारी बारी से जवाब दिए, लेकिन इस दौरान कांग्रेस समेत इंडिया ब्लॉक के विपक्षी नेता हंगामा व नारेबाजी करते रहे। विपक्ष ने सरकार से जो सवाल पूछे हैं कि 100 दिन बीतने के बाद भी पहलगाम हमले के आतंकी अब तक क्यों नहीं पकड़े गए, ऑपरेशन सिंदूर अचानक क्यों रोका गया, भारत व पाक के बीच संघर्ष विराम को लेकर ट्रंप के दावों में कितनी सच्चाई है और पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के कितने लड़ाकू विमानों को नुकसान पहुंचा? आदि स्वाभाविक व जायज सवाल हैं, लेकिन विपक्षियों को सरकार का जवाब भी सुनना चाहिए और उस पर भरोसा करना चाहिए। विपक्ष के सांसद भी भारत के ही हैं और वे इसी देश की जनता के प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनका दृष्टिकोण भी राष्ट्रीय होना चाहिए। उनके सवाल पूछने व उठाने के तरीकों से लगता है कि जैसे वे भारत के सांसद ही न हों। पुलवामा व उरी हमले के बाद हुए सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक के दौरान में कांग्रेस राष्ट्रीय हद से पार जाकर अपनी ही सेना की क्षमता को कटघरे में खड़ा कर रही थी। कम से कम सैन्य ऑपरेशन व कूटनीति-विदेश नीति के मसले पर तो देश में पचास से अधिक वर्ष शासन करने वाली कांग्रेस को तो राष्ट्रीय समझ के साथ सवाल उठाने चाहिए और आरोप लगाने चाहिए। संसद में सरकार ने साफ जवाब दिया कि ऑपरेशन सिंदूर सफल सैन्य एक्शन था, आतंकियों को सबक सिखाया गया, पाकिस्तान के हमले का करारा जवाब दिया गया, 8भारत व पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में राष्ट्रपति ट्रंप की कोई भूमिका नहीं है, बल्कि 22 अप्रैल से 17 जून के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई, तो विपक्ष को जवाब पर भरोसा होना चाहिए। प्रधानमंत्री भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि ट्रंप का दावा महज दावा ही है। हालांकि अभी तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार पांच दहशतगर्दों का नहीं पकड़ा जाना पीड़ितों को न्याय की दिशा में बाधा है। कांग्रेस को सैन्य मसलों पर राजनीति छोड़ राष्ट्रीय हित में कम करना चाहिए। संसद में हंगामा कर उसे ठप नहीं किया जाना चाहिए।



एनईपी के 5 वर्ष
डॉ. ऐश्वर्या झा

# शिक्षा क्षेत्र की कायापलट की जरूरत

शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नीति की जरूरत होती है। गुलाम मानसिकता के प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति को परिवर्तित करने के उद्देश्य से कोठारी आयोग (1964-1966) के अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 1986 में पहली बार लागू और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। 29 जुलाई, 2020 को 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' द्वारा के कस्तूरीरंगन समिति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा हुई, जिसमें समता, गुणवत्ता, वहनीयता और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया हैं एवं इस वर्ष इस नीति के पांच वर्ष पूरे हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तरों - स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, और व्यावसायिक एवं प्रौढ़ शिक्षा - में शैक्षिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित करती है।

शिक्षा हमेशा से मानव विकास, विकसित राष्ट्र एवं सामाजिक प्रगति के लिए आधारशिला मानी गई है। शिक्षा केवल धन उपार्जन , रोजगार सृजन, तथ्यों का संग्रह या आँकड़ों को याद रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक गहन बहुआयामी प्रक्रिया है जो व्यक्ति एवं मानव समाज के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक विकास को आकार देती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति सफल और संपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक उपकरण प्राप्त करता है। शिक्षा प्रणाली ही अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। भारतीय शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे पुरानी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। प्राचीन भारत में शिक्षा, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार पर केंद्रित थी। प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना और उनका विस्तार करना था। शिक्षा गुरुकुलों, आश्रमों, धार्मिक स्थानों और घरों में दी जाती थी। तक्षशिला एवं नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया में शिक्षा का सबसे पुराने विश्वविद्यालय माने जाते रहे हैं।

किसी भी देश में शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नीति की जरूरत होती है। गुलाम मानसिकता के प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति को परिवर्तित करने के उद्देश्य से कोठारी आयोग (1964-1966) के अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 1986 में पहली बार लागू और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। 29 जुलाई, 2020 को 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' द्वारा के कस्तूरीरंगन समिति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा हुई, जिसमें समता, गुणवत्ता, वहनीयता और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया हैं एवं इस वर्ष इस नीति के पांच वर्ष पूरे हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। 34 वर्ष के अंतराल पर आई यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली के ढाँचे में तीसरा बड़ा सुधार है, जिसके माध्यम से रटंत आधारित शिक्षण, पाठ्यक्रम का अत्यधिक बोझ, निम्न शिक्षण परिणाम, उच्च शिक्षा पहुँच में असमानता और अपर्याप्त शिक्षक प्रशिक्षण जैसी समस्या का समाधान सुनिश्चित किए जाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तरों - स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, और व्यावसायिक एवं प्रौढ़ शिक्षा - में शैक्षिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित करती है। इसका लक्ष्य उच्च शिक्षा सहित संपूर्ण शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव लाना है, जहां बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है । इस नीति के माध्यम से स्कूली पाठ्यक्रम में 10 + 2 ढांचे की जगह 5 + 3 + 3 + 4 का नया पाठयक्रम संरचना लागू किया गया है जो क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14, और 14-18 उम्र वर्ग के बच्चों के लिए है, पाँचवी कक्षा तक मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई, विदेशी भाषाओं की पढ़ाई सेकेंडरी लेवल से आदि कई बदलाव किये गए है। स्कूली शिक्षा में 100% जीईआर, माध्यमिक स्तर तक सभी को शिक्षा , स्कूल से दूर रह रहे दो करोड़ बच्चों को दोबारा मुख्य धारा, उच्च शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटें, शिक्षक-




विद्यार्थी अनुपात स्कूल में 30:1 (सामाजिक - आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों में 25:1), ईआईटी, आईआईएम की तर्ज पर ही समकक्ष बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) विकसित करने, दीक्षा पोर्टल पर बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित गुणवत्ता वाले संसाधनों का एक जगह संकलित कर डिजिटल माध्यम से सभी छात्रों को उपलब्ध करवाने, 2030 तक 100% युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना एवं 2040 तक सभी शिक्षार्थियों के लिये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है। इस नीति में मूल्यांकन का अभिनव प्रयोग "परख" (PARAKH = Performance, Assessment, Review and Analysis of Knowledge for Holistic Development) है जो समग्र विकास हेतु ज्ञान की समीक्षा और विश्लेषण करती है।

अधिकांश राज्यों ने नई 5+3+3+4 संरचना, आधारभूत संरचना, शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल सामग्री व मातृभाषा में शिक्षा, त्रिभाषा जैसे बिंदुओं पर क्रियान्वयन की दिशा में तेज़ प्रगति की है। इन पांच वर्षों में भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों ने विश्विद्यालय कॉलेजों की संख्या, जीईआर, छात्र-शिक्षक अनुपात, लैंगिक समानता अनुपात जैसे प्रमुख मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन किया है किंतु यह शिक्षा नीति के लक्षित दर से आधा भी नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत दस वर्षों में संस्थानों की संख्या में 13.8% की वृद्धि, उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 28.4% एवं यह वृद्धि बेहतर बुनियादी ढाँचे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीतियों के वजह हुई है।

शिक्षा नीति के पूर्ण कार्यान्वयन में कुछ बाधाएं हैं। इसके शुरुआती कार्यान्वयन एवं प्रगति में कोरोना महामारी के कारण देरी हुई । इसके अतिरिक्त सार्वजनिक चर्चा का अभाव एवं उसकी गलत व्याख्या और उदासीनता भी इसकी प्रगति में बाधक बनी। इन पाँच वर्षों में एनईपी के भाषा सूत्र को लेकर भ्रम है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र और बहुभाषिकता को स्थानिक शिक्षा प्रणाली में अपनाने की बात कही गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चौथे तथा 22वें अध्याय में बहुभाषिकता और भाषा की शक्ति पर बात की गई है जिसमें मातृभाषा की अनिवार्यता को स्वीकार कर उसमें शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट किया गया है। राजनीतिक कारण हिंदी की तथाकथित प्रमुखता को आए दिन विवाद का मुद्दा बनाते हैं । महाराष्ट्र, तमिलनाडु में हुआ विरोध इसका उदाहरण है। विश्वविद्यालयों में निजीकरण को लेकर भी संदेह की स्थिति है, जबकि एनईपी सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने पर जोर देती है। शैक्षिक नीतियों का सफल कार्यान्वयन कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करता है। एनईपी केवल परामर्शात्मक प्रकृति का है। कुछ राज्यों ने एनईपी से संबंधित कुछ मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। हिमाचल प्रदेश एनईपी को औपचारिक रूप से लागू करने वाला पहला राज्य था, वहीं पांच वर्ष उपरांत भी कम से कम तीन राज्यों ने भी कार्यान्वयन के लिए सहमति नहीं दी है। भारत अपनी जीडीपी का लगभग 3-4% शिक्षा पर खर्च करता है, जबकि शिक्षा नीति के लक्ष्य 6 % से कम है। भारत में शिक्षा पर खर्च, भूटान और मालदीव जैसे अन्य पड़ोसी देशों से भी कम है। नीति को विनियमित करने के लिए भारतीय उच्च शिक्षा आयोग का प्रस्ताव था जिसका गठन वर्तमान निकायों यूजीसी, एआइसीटीई आदि का विलय करके किया जाना चार वर्ष बाद भी लंबित है एवं 2025 के मानसून सत्र में शायद ही पारित हो। देश भर में विभिन्न संस्थानों में पिछले कई वर्षों से शिक्षक की कमी चिंता का विषय हैं। एनईपी को लागू करने के साथ शिक्षा क्षेत्र में बड़े निवेश की जरूरत है, ताकि कायाकल्प हो।

(लेखिका एसोसिएट प्रोफेसर, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उपलब्धि
डॉ. अश्वनी महाजन



# भारत दुनिया का चौथा सबसे अधिक समानता वाला देश

हाल ही में जारी विश्व बैंक की 'स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' ने दुनिया में एक बहस शुरू की है। बहस का मुद्दा यह है कि क्या भारत वास्तव में दुनिया का चौथा सबसे समान देश बन गया है, जैसा कि इस रिपोर्ट में कहा गया है? वास्तव में देश और दुनिया में प्रचलित विमर्श का यह रिपोर्ट खंडन करती है। देश में बड़ी तादाद में बुद्धिजीवी जो इससे पूर्व की रिपोर्टों और आंकड़ों का हवाला देते हुए यह तर्क देते रहे हैं कि देश में आर्थिक संवृद्धि के साथ-साथ असमानताएं भी बढ़ी है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि आर्थिक संवृद्धि के साथ-साथ गरीब और अमीर के बीच खाई बढ़ी है, वंचित वर्ग के हालात पहले से अधिक बिगड़े है और यह असमानता आय और संपत्ति दोनों में दिखाई देती है। ऐसे में यदि कोई रिपोर्ट यह कहे कि देश में असमानताएं कम हुई है तो असमंजस स्वाभाविक ही है। ऐसे में उन बुद्धिजीवियों द्वारा इस प्रकार की रिपोर्ट पर प्रश्नचिन्ह लगाना भी स्वाभाविक ही है। लेकिन यहां यह भी सत्य है कि जो लोग यह मानते हैं कि देश में आय और संपत्ति की असमानताएं बढ़ी है, वे भी आंकड़ों के आधार पर अपनी बात को सिद्ध कर सकते हैं और जो रिपोर्ट विश्व बैंक ने प्रकाशित की है, वह भी आंकड़ों पर ही आधारित है। समझने की कोशिश करते हैं कि क्या विश्व बैंक की रिपोर्ट सिर्फ आंकड़ों का खेल है, जैसा उसके आलोचक दावा करते हैं या उसमें कुछ सच्चाई है। और यदि यह सच है तो यह भी समझने का प्रयास करेंगे कि भारत में समानताएं घटने के पीछे कारण क्या हैं ?

असमानताओं को मापने का सर्वाधिक उपयोगी तरीका गिनी चटांक माना जाता है। गिनी चटांक शून्य से एक तक होता है, जहां शून्य गिनी सह गुणांक पूर्णतः समानता को और 1 पूर्णतः असमानता को दर्शाता है। नेशनल काउंसिल ऑफ़ एप्लाइड इकोनामिक रिसर्च और अन्य गृहस्थ आय सर्वेक्षणों के आंकड़ों के अनुसार 2023 में आय गिनी सह गुणांक 0.410 था जो 1955 में 0.371 से भी अधिक था। यदि संपत्ति के वितरण के बारे में विचार करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में 2023 में यह सह गुणांक 0.405 था जो 1955 में 0.341 से कहीं अधिक था जबकि शहरी क्षेत्र में यह 1955 में 0.392 से घटकर 2023 में 0.382 ही रह गया लेकिन अभी भी यह काफी ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। भारत में आय और संपत्ति में बढ़ती असमानताओं के बीच, अच्छी खबर यह है कि उपभोग में असमानताएँ कम हो रही हैं। इसे अलग-अलग शब्दों में पहले यूएनडीपी की रिपोर्ट के अनुसार बहुआयामी गरीबी में भारी कमी और बाद में विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में अत्यधिक गरीबी में बड़ी कमी दर्ज की गई है। हालाँकि अत्यधिक गरीबी की परिभाषा 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बदलकर 3.0 डॉलर प्रतिदिन कर दी गई है, फिर भी 2022-23 में केवल 5.3 प्रतिशत लोग ही अत्यधिक गरीबी से पीड़ित थे। दिलचस्प बात यह है कि 2011-12 में यह आँकड़ा 27.1 प्रतिशत था। और यदि इस परिभाषा को पहले की तरह 2.15 डॉलर ही रखा जाए, तो 2022-23 में अत्यधिक गरीबी से पीड़ित लोगों का प्रतिशत केवल 2.3 प्रतिशत ही रह गया है। विश्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में उपभोग में असमानताएँ अब कम हो गई हैं। एक अधिक समतापूर्ण समाज की ओर भारत की यात्रा पिछले कुछ वर्षों में उसके गिनी सूचकांक में परिलक्षित होती है। 2011 में यह सूचकांक 28.8 था, जो 2022 में 25.5 तक पहुंच गया। इसका मतलब है कि अब यूएनडीपी से लेकर विश्व बैंक तक, सब में इस बात पर आम सहमति है कि भारत में उपभोग असमानताएं निश्चित रूप से कम हुई हैं। लेकिन दूसरी ओर आलोचक भारत में बढ़ती असमानताओं का तर्क आगे बढ़ा रहे हैं, वे इस सच्चाई को मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि ग़रीबी और उपभोग में समानताएं दोनों पहले से कम हो गए हैं।

आलोचकों का पहला तर्क यह है कि विश्व बैंक की रिपोर्ट गृहस्थ उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों पर आधारित है और इसमें आय और संपत्ति को शामिल नहीं किया गया है। उपभोग आधारित गिनी सहगुणांक असमानताओं को कम करके आंकता है, क्योंकि अमीर लोग अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बचा लेते हैं। उसके मुकाबले आय आधारित समानताएं अधिक विस्तृत अवधारणा है और उस संदर्भ में भारत में आय और संपत्ति की असमानताएं वास्तव में बढ़ी है। आलोचकों का दूसरा तर्क यह है कि विश्व बैंक द्वारा उपयोग किया गया सर्वेक्षण उपभोग को ठीक प्रकार से आकलन नहीं कर पाया। ऊपर के पांच प्रतिशत अमीर सामान्य सर्वेक्षण में अपने उपभोग को कम कर बताते हैं और उसे आधार पर निष्कर्ष सही नहीं होगा।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## उद्यमो भैरवः



संकलित
**दर्शन**

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।


## अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बीमा सखी योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

केंद्र सरकार की बीमा सखी योजना न केवल महिलाओं के लिए उपयोगी होगी, बल्कि ग्रामीण भारत को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए महत्वपूर्ण है। किसानों लिए सरकार महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण ही नही है, बल्कि गांवों में बीमा सखी योजना आर्थिक सुधारों के लिए मिल का पत्थर साबित हुई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि किसान एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बयान दिया है कि मोदी के नेतृत्व में बीमा सखी योजना महिला शसक्तीकरण और ग्रामीण आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजना महिला सशक्तिकरण की तरफ विकास की बुलंदिया छूने के लिए पर्याप्त है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## X ट्रेंड

### बहुत-बहुत बधाई



दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं।

**-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### महानता के दर्शन



'शैव सिद्धांत और चोल मंदिर कला' नामक एक बहुत अच्छी प्रदर्शनी देखी, जो तमिल इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक महानता को दर्शाती है। यह देखने के बाद ऐसा लगा कि हमारी संस्कृति ने हमें कितनी अद्भुत सौगात दी है। जो दुनियाभर को मेल जोल के संस्कार दे रही है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आपका बहुत अभिनंदन



अश्लीलता के विरुद्ध उदय माहुरकर आपके अभियान का युवा पीढ़ी, देश,धर्म व संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान होगा, यह लड़ाई भोगवाद व अध्यात्मवाद की है, अश्लीलता व भोगवाद के विरुद्ध महत्वपूर्ण विजय के लिए आपका बहुत अभिनंदन।

**- बाबा रामदेव, योगगुरु**

### खाना लाजवाब



हाल ही में, न्यूयॉर्क में मैंने घर का स्वाद चखा। उस शहर में, जो कभी सोता नहीं, मुझे सबसे अच्छा भारतीय रेस्तरां मिला जहां एक इंडियन के सपने एक प्लेट में सच हुए नज़र आए। खाना तो बहुत लाजवाब था।

**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# किम की बहन ने द. कोरिया की सुलह पहल को ठुकराया

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नयी सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी।



किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है। उत्तर कोरिया इस समय रूस के साथ अपने बढ़ते सहयोग पर अधिक ध्यान दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उत्तर कोरिया को लगता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद भी वह रूस के साथ अपने संबंधों को पहले जैसा नहीं रख पाएगा, तो वह अपना रुख बदल सकता है। दक्षिण कोरिया के सरकारी मीडिया द्वारा जारी एक बयान में किम यो जोंग ने कहा, ''हम एक बार फिर आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हैं कि सियोल (दक्षिण कोरिया) में चाहे कोई भी नीति अपनाई जाए और कोई भी प्रस्ताव रखा जाए, हमें उसमें कोई रुचि नहीं है।

## ऑफ बीट

# हरित ऊर्जा के लिए पृथ्वी पर पर्याप्त हाइड्रोजन मौजूद

पृथ्वी की महाद्वीपीय चट्टानों के सबसे पुराने हिस्सों ने अरबों वर्षों से बड़े पैमाने पर प्राकृतिक हाइड्रोजन उत्पन्न किया है और वैज्ञानिकों का मानना है कि यह गैस




पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद भंडारों में संचित हो सकती है, जो आने वाले वर्षों में वैश्विक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी स्रोत बन सकती है। माली में एक गैस क्षेत्र से शुद्ध प्राकृतिक हाइड्रोजन का व्यावसायिक उत्पादन इसकी व्यापक संभावनाओं का प्रमाण है, जिसने अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के नीति-निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। तेजी से बढ़ रही रुचि साल 2023 के अंत तक दुनियाभर में 40 कंपनियां प्राकृतिक हाइड्रोजन की खोज में सक्रिय थीं और वर्ष 2024 से यह संख्या दोगुनी होने की संभावना जताई गई है। इसमें औद्योगिक निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय खनिज कंपनियों की भागीदारी भी बढ़ी है तथा आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में नवाचार की भी संभावना है। हाइड्रोजन : एक बहुपयोगी संसाधन ईंधन परिष्करण, अमोनिया और उर्वरक उत्पादन तथा इस्पात उद्योग जैसे क्षेत्रों में पहले से ही हाइड्रोजन का उपयोग हो रहा है। ब्रिटेन सरकार के एक हालिया नीति पत्र के अनुसार, हाइड्रोजन को प्राकृतिक संसाधन के रूप में मान्यता दिए बिना इस क्षेत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा देना मुश्किल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# परफेक्ट प्लेइंग इलेवन की खोज में भारत, शार्दुल और कंबोज पर सवाल

**भारत ने किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी**

एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर

इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में यादगार ड्रॉ हासिल करने के बावजूद भारत तीन दिन बाद ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम मैच से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश, खासकर सही गेंदबाजी संयोजन की तलाश में है।

भारत ने श्रृंखला के दौरान किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी, जिस पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, खासकर तब जब चोटिल नीतीश रेड्डी की जगह खेल रहे शार्दुल ठाकुर से ओल्ड ट्रैफर्ड में केवल 11 ओवर करवाए गए। लेकिन भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 2014 के बाद पहली बार 600 से अधिक रन दिए, इसलिए पिछले 40 दिन से बेंच पर बैठे हुए कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले गेंदबाज को टीम में शामिल करने का मामला पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है।

### तेज गेंदबाजों पर हो रही थकान हावी

अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण अच्छा नहीं रहा और उनकी जगह पूरी तरह से फिट आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का सपना देख रहे होंगे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हालांकि रविवार को ड्रॉ के बाद अपने चिरपरिचित आक्रामक लहजे में सभी तेज गेंदबाजों को फिट घोषित कर दिया, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तेज गेंदबाज, विशेषकर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर अब थकान हावी हो रही है।




*कुलदीप को टीम में शामिल करने के लिए प्रयास : चौथे टेस्ट के दौरान भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कहा, ' हम कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन इसके लिए हमारे चोटी के छह बल्लेबाजों को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, 'कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और इस समय वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए हम उन्हें टीम में शामिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। 'पहले की योजना के अनुसार बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत इस श्रृंखला के तीन टेस्ट मैच में ही खेलना है।*

### भारत चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है

ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल थे और इन दोनों ने अपने धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए शतक लगाए और मैच को ड्रा करने में अहम भूमिका निभाई। यदि ओवल में भी यही तरीका अपनाया जाता है तो ध्रुव जुरेल सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएंगे और भारत शार्दुल ठाकुर को बाहर करके चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेल सकता है। शार्दुल का वैसे भी एक गेंदबाज के रूप में पर्याप्त उपयोग नहीं किया जा रहा है। चौथे गेंदबाज के रूप में कुलदीप यादव को शामिल किया जा सकता है क्योंकि पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है या फिर एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को भी शामिल किया जा सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन आठवें नंबर तक बल्लेबाज रखने की रणनीति के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहा है।

## हम यह दिखाने में सफल रहे कि हम महान टीम क्यों हैः गिल

**मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन ऐतिहासिक प्रदर्शन से हार टालने का विश्वास लोकेश राहुल के साथ उनकी साझेदारी से उपजा है और टीम ने ऐसा करके यह जता दिया वे 'महान टीम' क्यों है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाए दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन गिल, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचाया। इस परिणाम से भारत के पास अब पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी करने का मौका होगा। गिल ने कहा, '140 ओवर तक एक ही मानसिकता बनाए रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है। एक अच्छी टीम और एक महान टीम में यही अंतर होता है। मुझे लगता है कि हमने आज यह दिखाया कि हम एक महान टीम हैं।' उन्होंने कहा, ' शून्य रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुझे लगता है कि मेरे और केएल (राहुल) भाई के बीच की साझेदारी ने उम्मीद जगा दी थी कि हम इस काम को कर सकते हैं। मैं बेहद, बेहद खुश हूं। जिस स्थिति में हम कल थे, वहां से ड्रॉ हासिल कर पाना बेहद संतोषजनक है।'

---

**दिव्या देशमुख ग्रैंडमास्टर बनने वाली चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी**

# तीन दिन चला क्लासिकल चेस, दिव्या ने पहले रैपिड टाई-ब्रेकर में खेला ड्रॉ, दूसरे में जीती

एजेंसी ▸▸| मैबातुमी (जॉर्जिया)

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं, जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं।

जॉर्जिया के बातुमी में सोमवार को खेले गए फाइनल के टाईब्रेकर मुकाबले में दिव्या ने काले मोहरों से खेलते हुए हम्पी को हराया और फिडे महिला शतरंज विश्व कप का ताज अपने नाम किया। तीन दिन तक चले क्लासिकल चेस के रोमांच ने फैंस को दांतों तले अंगुली चबाने पर मजबूर कर दिया। हम्पी और दिव्या देशमुख ने पहले रैपिड टाई-ब्रेकर में ड्रॉ खेला और फिर दिव्या ने दूसरे में जीत हासिल की। जीत हासिल कर दिव्या फूट फूटकर रो पड़ीं। उनकी मां भी वहीं मौजूद रहीं और दिव्या ने उन्हें गले लगा लिया।

### टाईब्रेकर की पहली बाजी में दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका

सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर जीत दर्ज की। दिव्या अब हम्पी, डी. हरिका और आर. वैशाली के साथ देश की ग्रैंडमास्टर बनने वाली महिलाओं की सूची में शामिल हो गई हैं। हम्पी 38 साल की हैं और 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ। दिव्या ऊर्जा से भरी थीं और उन्होंने शुरुआती टाईब्रेकर में हम्पी पर दबाव बनाए रखा और अपनी दिग्गज प्रतिद्वंद्वी को थका दिया और फिर दूसरे टाईब्रेकर में जीत दर्ज की।



**दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद पहला समूह साबित हुआ निर्णायक**

### हम्पी ने खो दिया था अपना संयम

नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ, जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतरराष्ट्रीय शतरंजमें सब कुछ जीता है लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं।दिव्या ने दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था, जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था।




### दूसरी बाजी रही आक्रमक

दूसरी बाजी में हम्पी ने कैटलन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और दिव्या फिर से अच्छी तरह तैयार थीं। हम्पी ने 40वीं चाल में अपना आपा खो दिया और प्यादों को गंवाकर विरोधी खिलाड़ी पर आक्रमण करने की कोशिश की। दिव्या को हालांकि इससे अधिक मुश्किल नहीं हुई। यह दिव्या का दिन था क्योंकि हम्पी के पास फिर से समय की कमी थी और उन्होंने फिर से गलती की, जिससे सैद्धांतिक रूप से दिव्या की जीत की स्थिति बन गई। इस बाजी में दिव्या की किस्मत लंबे समय तक बराबरी और जीत के बीच झूलती रही, जिसके बाद नागपुर की इस लड़की ने बाजी मार ली।

### दिव्या ने किया पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल

*पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल करते हुए दिव्या ने हम्पी को पहली टाईब्रेक बाजी में बेहतर स्थिति में होने का मौका दे दिया था। हम्पी ने हालांकि समय के दबाव में गलती की और जल्द ही वह ऐसी स्थिति में पहुंच गईं, जहां उनके पास दिव्या की रानी के खिलाफ एक रूक (हाथी), बिशप (ऊंट) और एक पॉन (प्यादा) था। हालांकि स्थिति लगभग बराबरी की रही और अंत में हम्पी ने आसानी से ड्रॉ कर लिया।*

### जीत के बाद कहा, अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं

*यह जीत ऐसे समय में मिली है जब भारत ने पुरुष शतरंज में काफी सफलता हासिल की है, जिसमें विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी जैसे खिलाड़ी लगातार अच्छे परिणाम दे रहे हैं। अपने से दोगुनी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत के बाद भावुक दिव्या अपने आंसू नहीं रोक पाईं। हम्पी ने दिव्या के खिलाफ हारने से पहले आखिर तक संघर्ष किया। दिव्या ने कहा, 'मुझे इसे (जीत को) समझने के लिए समय चाहिए। मुझे लगता है कि यह नियति की बात थी कि मुझे इस तरह ग्रैंडमास्टर का खिताब मिला क्योंकि इस (टूर्नामेंट) से पहले मेरे पास एक भी (ग्रैंडमास्टर) नॉर्म नहीं था और अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं।*

### इनामी राशि 43 लाख रुपए

*इस शानदार जीत के साथ ही दिव्या देशमुख भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। ग्रैंडमास्टर की उपाधि शतरंज की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है और इसे हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। इस जीत के बाद दिव्या को इनामी राशि के रूप में लगभग 43 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं हम्पी को करीब 30 लाख रुपए मिलेंगे।*

### पांच साल की उम्र से खेल रहीं शतरंज

*9 दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए।*

*दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही।*

---

**खबर संक्षेप**



### विश्व तैराकी चैंपियनशिपः फ्रीस्टाइल में 43वें स्थान पर रहे प्रकाश

**सिंगापुर।** भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश सोमवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। इस 31 वर्षीय बटरफ्लाई विशेषज्ञ ने 1:51.57 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में चौथा और कुल मिलाकर 43वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे। रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 1:45.43 सेकंड के साथ हीट में सबसे तेज समय निकाला जबकि इटली के कार्लोस डी'अम्ब्रोसियो (1:46.67 सेकंड) सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अंतिम तैराक रहे।

### सीनियर ओपन में 24वें स्थान पर रहे अटवाल

**लंदन।** अर्जुन अटवाल छह बर्डी लगाने के बावजूद आईएसपीएस एचएएनडीए सीनियर ओपन गोल्फ के आखिरी दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त 24वें स्थान पर रहे। वह चार दौर में 67-72-69-71 के कार्ड के साथ प्रतियोगिता में खेल रहे तीन भारतीयों में शीर्ष स्थान पर रहे। जीव मिल्खा सिंह (69) संयुक्त 56वें और ज्योति रंधावा (73) संयुक्त 61वें स्थान पर रहे।



### ओपन गोल्फ टूर्नामेंटः संयुक्त 39वें स्थान पर रही दीक्षा

**आयरशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद नौ स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 39वें पायदान पर रही। दीक्षा दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बाद तीसरे और चौथे दौर में अच्छी वापसी करते हुए 'मेजर' स्तर के टूर्नामेंट एआईजी महिला ओपन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में सफल रही।



### इंग्लैंड टीम ने अंतिम टेस्ट के लिए ऑलराउंडर ओवरटन को किया शामिल

**लंदन।** तीन साल पहले अपने करियर का एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को भारत के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 31 वर्षीय ऑलराउंडर ने 2022 में लीड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेला था, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए थे और 97 रन बनाए थे। उन्होंने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से तीन मैच खेले थे।



---

**मकाऊ ओपन**

## सात्विक-चिराग की निगाहें खिताब तथा लक्ष्य और प्रणय की फॉर्म में वापसी पर




एजेंसी ▸▸| मकाऊ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए सत्र का पहला खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने पिछले सप्ताह चाइना ओपन सुपर 1000 में एक बार फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें मलेशिया के दूसरे वरीय आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन और मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के अलावा इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई। मकाऊ ओपन के शुरुआती दौर में उनका सामना लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग की मलेशियाई जोड़ी से होगा।

### लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला जियोन ह्योक जिन से



पुरुष एकल में लक्ष्य सेन विश्व चैंपियनशिप से पहले अपनी लय फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। सेन का पहला मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा। इस बीच 2023 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय चाइना ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद वापसी की कोशिश करेंगे। वह अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी सभी की नजरों में होंगे, जिन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन सुपर 300 में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था। पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा।विश्व विश्वविद्यालय खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले सतीश कुमार करुणाकरण बीडब्ल्यूएफ टूर में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।

## डीसी ओपन : लेयला फर्नांडीज और मिनौर ने जीता खिताब

**वाशिंगटन।** लेयला फर्नांडीज और एलेक्स डी मिनौर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता। कनाडा की 22 वर्षीय खिलाड़ी फर्नांडीज ने अगले महीने होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडीज ने अपनी चौथी एकल ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपनी सभी ट्रॉफी हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंटों में जीती हैं। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता में खिताब जीता। पुरुष वर्ग में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने फाइनल में तीन चैंपियनशिप अंक बचाकर 12वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 5-7, 6-1, 7-6 (3) की जीत के साथ अपना 10वां एटीपी और हार्ड कोर्ट पर आठवां खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी 2018 में डीसी ओपन में उपविजेता रहा था।



■ लेयला ने अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया

**नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट**



*मॉन्ट्रियल। नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू, मॉन्ट्रियल में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा के खिलाफ अपने पहले दौर के मैच के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुई।*

---

**यूरो महिला 2025ः टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की ऐताना बोनमाटी**

# इंग्लैंड की बादशाहत कायम, स्पेन एक कदम पीछे

एजेंसी ▸▸| बासेल

गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता।

इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्ते के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा।



■ इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट के जरिए 3-1 से स्पेन को दी शिकस्त

### स्पेन का खिताबी हैट्रिक पूरा करने का सपना टूटा

स्पेन की टीम इस मुकाबले को जीतकर फीफा वर्ल्ड कप 2023 और यूईएफए नेशंस लीग 2024 के बाद अपनी खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से उतरी थी। हालांकि, इंग्लैंड की दमदार रणनीति और गोलकीपर हन्ना हैम्पटन के बेहतरीन प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### शूटआउट में इंग्लैंड ने दिखाया दम

पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने स्पेन की दो अहम पेनल्टी को बचाकर अपनी टीम को खिताब दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। इनमें एक किक स्पेन की स्टार खिलाड़ी ऐताना बोनमाटी की थी, जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा मैरियोना काल्डेन्ते की पेनल्टी भी हैम्पटन ने शानदार तरीके से रोकी।

### बेहतर खेल ही काफी नहीं

टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की ऐताना बोनमाटी चुनी गई। हार के बाद ऐताना बोनमाटी ने कहा कि हम टूर्नामेंट की सबसे अच्छी टीम थे, लेकिन कभी-कभी सिर्फ बेहतर खेल ही काफी नहीं होता। अब हमारी नजरें 2027 में ब्राजील में होने वाले अगले वर्ल्ड कप पर हैं।

## खबर संक्षेप

### भारी बारिश से चीन में भूस्खलन, चार की मौत

**बीजिंग।** चीन के हेबेई प्रांत में भारी बारिश के चलते भूस्खलन की घटना में चार लोगों की मौत हो



गई जबकि 8 अब भी लापता हैं। बीजिंग में जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। चीन के हेबेई प्रांत में सोमवार को भारी बारिश के बाद भूस्खलन की बड़ी घटना हुई है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है और आठ अन्य अब भी लापता हैं।

### जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत

**बर्लिन।** दक्षिणी जर्मनी में रविवार को एक क्षेत्रीय यात्री ट्रेन के पटरी से उतर जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। जांचकर्ताओं का मानना है कि भारी वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और उसके चलते ट्रेन पटरी से उतर गई। म्यूनिख से लगभग 158 किलोमीटर दूर पश्चिम में रीडलिंगन के निकट एक वन क्षेत्र में रविवार शाम 'डॉयचे बान' ट्रेन के कम से कम दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन में 100 से अधिक लोग सवार थे।



### चीनी नागरिकों पर हमले के 3 आतंकवादी ढेर

**कराची।** पाक सुरक्षाबलों ने पिछली रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया जिनपर पिछले साल कराची में चीनी नागरिकों पर हमले की साजिश रचने का आरोप था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले साल कराची में आतंकवादी हमले में एक कपड़ा मिल में काम कर रहे दो चीनी नागरिक घायल हो गए थे। आतंकवाद निरोधक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आजाद खान ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में नवंबर 2024 के हमले का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है।

## इसरो अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा

# इसरो-नासा का संयुक्त उपग्रह 30 जुलाई को होगा लॉन्च आपदा प्रबंधन में मददगार, पूरी दुनिया को होगा फायदा


*यह उपग्रह 740 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित होगा। यह एक अत्याधुनिक रडार उपग्रह है, जो बादलों और बारिश के बावजूद 24 घंटे पृथ्वी की तस्वीरें ले सकता है। यह उपग्रह भूस्खलन, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की निगरानी में मदद करेगा।*

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मिलकर एक अत्याधुनिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह विकसित किया है, जिसे 30 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा। इस उपग्रह को भारत में निर्मित जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए 740 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा।

यह उपग्रह खराब मौसम, बादलों और बारिश के बावजूद दिन-रात पृथ्वी की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम होगा। इसका उपयोग भूस्खलन, प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की निगरानी के लिए किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन ने चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह उपग्रह केवल भारत और अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने बताया कि इसरो फिलहाल 55 उपग्रहों का संचालन कर रहा है और आने वाले चार वर्षों में इन्हें तीन अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने की योजना है। नारायणन ने सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे गए आदित्य एल1 मिशन की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह उपग्रह 26 जनवरी को 1.5 किलोग्राम वजन के साथ लॉन्च किया गया था और इसने सूर्य से जुड़े अहम डेटा इसरो को भेजे हैं, जिनका वैज्ञानिक विश्लेषण जारी है।

1. चंद्रयान-5 मिशन भारत और जापान का संयुक्त प्रोजेक्ट होगा
2. प्रोजेक्ट चंद्रमा की सतह पर 100 दिनों तक काम करेगा
3. पूर्व में यह उपग्रह 26 जनवरी को 1.5 किलोग्राम वजन के साथ लॉन्च किया गया था



### इसरो इसे पूरी तरह सफल बनाने को प्रतिबद्ध

*मानव मिशन की तैयारियों पर बात करते हुए नारायणन ने बताया कि इस साल दिसंबर में एक मानवरहित मिशन लॉन्च किया जाएगा। अगर यह सफल होता है, तो अगले साल दो और मानवरहित मिशन भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री की ओर से घोषित योजना के अनुसार, मार्च 2027 में भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन लॉन्च किया जाएगा, जिसके लिए श्रीहरिकोटा में पहला प्रक्षेपण वाहन तैयार किया जा रहा है। इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के प्रति भी उत्साह जताया। यह मिशन चंद्रमा की सतह से नमूने लाने के लिए होगा और इसरो इसे पूरी तरह सफल बनाने को प्रतिबद्ध है। इसके बाद चंद्रयान-5 मिशन भारत और जापान का संयुक्त प्रोजेक्ट होगा, जो चंद्रमा की सतह पर 100 दिनों तक काम करेगा।*

## भारत की सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया

# यूएन में भारत ने पेश की तीसरी एसडीजी रिपोर्ट, गरीबी, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल विकास में उल्लेखनीय प्रगति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने 23 जुलाई 2025 को संयुक्त राष्ट्र के इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच पर भारत की तीसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (वीएनआप) रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट भारत की सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल रिपोर्ट) की दिशा में की गई प्रगति का व्यापक लेखा-जोखा है। यह रिपोर्ट देश की यूएन 2030 एजेंडा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस रिपोर्ट में सरकार और समाज दोनों के समन्वय से किए गए प्रयासों को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है। नीति आयोग के नेतृत्व में तैयार की गई इस रिपोर्ट में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, नागरिक समाज, विकास भागीदारों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से एक समावेशी प्रक्रिया अपनाई गई। यूएनडीपी ने राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में एसडीजी समन्वय और त्वरित कार्यान्वयन केंद्र स्थापित करने में सहयोग किया है।




### भारत ने सतत विकास के कई क्षेत्रों में उपलब्धियों को प्रस्तुत किया

*स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा की रिपोर्ट में पिछले एक दशक में भारत द्वारा सतत विकास के कई क्षेत्रों में किए गए निर्णायक कदमों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक गरीबी उन्मूलन के तहत लगभग 24.8 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी (एमपीआई) से बाहर निकले हैं। खाद्य सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ों लोगों को पोषण सहायता दी। अभियान और आयुष्मान भारत ने पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सुविधाएं पहुंचाई हैं।*

### योजनाएं भारत की ऊर्जा संक्रमण को गति देगी

स्वच्छ ऊर्जा के लिए नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, पीएम-कुसुम और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली स्कीम जैसी योजनाएं भारत की ऊर्जा संक्रमण को गति दे रही हैं। आर्थिक नवाचार में भारत अब विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। वहीं, पीएम गतिशक्ति 'मेक इन इंडिया' और राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम जैसी योजनाएं अगली पीढ़ी की आधारभूत संरचना तैयार कर रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई के निर्माण में भारत ने जनधन-आधार-मोबाइल जेएएम ट्रिनिटी के जरिए वैश्विक मॉडल स्थापित किया है, जिससे पारदर्शी और समावेशी सेवा वितरण हुआ है। इसके अलावा, एसडीजी इंडिया इंडेक्स, पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला इंडेक्स और राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक जैसे टूल्स के जरिए डेटा आधारित प्रशासन को और मजबूत किया गया है। आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया गया है।

**वक्फ बोर्ड मामला अमानतुल्लाह समेत 11 के खिलाफ आरोप तय : नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीईओ और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान और 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। अदालत ने अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम पर साजिश और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए हैं।




# छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है एनईपी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं और नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करके छात्रों के समग्र और बहुआयामी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मोदी ने एनईपी के पांच साल पूरे होने पर एक संदेश में कहा कि शिक्षा मंत्रालय मंगलवार को अखिल भारतीय शिक्षा समागम (एबीएसएस) का आयोजन कर रहा है और कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में नयी



पहल शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा, "शिक्षा वह माध्यम है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर और राष्ट्र को सशक्त बनाती है। हमारा उद्देश्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है, जिसमें विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता और सपनों के अनुरूप आगे बढ़ सकें। आज देश गौरवशाली भारतीय संस्कृति से जुड़ी शिक्षा को तकनीक और वैश्विक मानकों से सुसज्जित कर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।" मोदी ने कहा, "पिछले पांच वर्षों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं।

### नेतन्याहू के लिए गले की हड्डी बने हूती, कहा- गाजा पर हमला नहीं रोका तो हर इजराइली जहाज को उड़ाएंगे

**सना (एजेंसी)।** यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अब वे इजराइल को निशाना बनाएंगे। यह धमकी रेड सी और अन्य समुद्री मार्गों



परतनाव के बीच आई है। हूतियों ने कहा कि जब तक गाजा पर इजराइली हमले नहीं रुकते, उनका सैन्य अभियान जारी रहेगा। इससे वैश्विक समुद्री व्यापार और सुरक्षा पर गहरा असर पड़ सकता है। यमन के हूती विद्रोहियों ने एर्क बार फिर इजराइल और उसके समर्थन वाले जहाजों को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। हूतियों ने साफ कहा है कि अब वे इजराइल से जुड़े हर जहाज को अपना निशाना बनाएंगे, यह बयान ऐसे समय आया है जब रेड सी और अरब सागर में पहले ही हूतियों के हमलों से समुद्री परिवहन में रुकावटें आ रही हैं।

## दोनों देशों ने युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीजफायर मलेशियाई प्रधानमंत्री ने की घोषणा

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक


थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले कई दिनों से चल रहे सीमा संघर्ष पर अब विराम लग गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने घोषणा की कि दोनों देशों ने बिना किसी शर्त के तत्काल प्रभाव से युद्धविराम (सीजफायर) पर सहमति व्यक्त की है। यह फैसला मलेशिया की मध्यस्थता की पेशकश के बाद हुआ, जिसका उद्देश्य सीमा क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करना था। अनवर इब्राहिम ने इसे दोनों देशों द्वारा शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।



पिछले सप्ताह शुरू हुए इस संघर्ष में थाईलैंड और कंबोडिया ने एक-दूसरे पर हमले शुरू करने के आरोप लगाए थे। हालात इतने बिगड़े कि दोनों देशों ने भारी तोपखाना और हवाई हमलों का इस्तेमाल किया। इस झड़प में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, कई देशों ने अपने नागरिकों को प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी थी। वही पिछले पांच दिनों से जंग जारी थी।

### बैंकॉक के मार्केट में अंधाधुंध गोलीबारी में 6 लोगों की मौत

**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पास एक मार्केट में सोमवार को एक व्यक्ति ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में हमलावर भी शामिल है, जिसने खुद को गोली मार ली। रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना शहर के चाटुचक जिले में स्थित ओर टोर कोर मार्केट में हुई। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हमलावर ने गोलीबारी के बाद अपनी जान ले ली। पुलिस उसकी पहचान करने के साथ-साथ थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे सीमा संघर्षों से किसी भी संभावित संबंध की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर शूटर को मौके पर देखा गया है, जिसमें एक व्यक्ति हाथ में बंदूक लिए घूमता दिख रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25